
नर्मदापुरम, बुधवार, 04 मार्च 2026 ● वर्ष - 22 ● अंक - 137 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये    RNI No. MPHIN /2004 /13927




नमामि देवी नर्मदे

।। श्री हरि: ।।

# अमृत दर्शन



Website : www.amritdarshan.com

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक

## दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद में दिखा चंद्र ग्रहण का खूबसूरत नजारा




**नई दिल्ली।** साल का पहला चंद्र ग्रहण अब खत्म हो गया है। दुनिया के कई हिस्सों में चंद्र ग्रहण दिखाई दिया। भारत में सबसे पहले पूर्वी हिस्सों में चंद्र ग्रहण दिखाई दिया। ग्रहण के 9 घंटे पहले सूतक काल शुरू हुआ। जिसमें सभी मांगलिक कार्य वर्जित रहे। चंद्रग्रहण की शुरूआत मंगलवार दोपहर 3 :20 बजे से हुई और शाम को 6 :46 बजे समाप्त हो गया। यह साल का पहला चंद्रग्रहण था जिसने सिंह राशि और पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में जगह बनाई। इस बीच दिल्ली-एनसीआर में चंद्र ग्रहण को लेकर लोगों में उत्सुकता दिखाई दी। खगोल प्रेमियों से लेकर आम श्रद्धालुओं तक सभी की नजरें आसमान पर टिकी रहीं। इस बार चंद्र ग्रहण का समय शहरों के अनुसार कुछ मिनटों के अंतर से अलग-अलग रहा, जिससे लोगों में इसे लेकर खास दिलचस्पी रही। दिल्ली में चंद्र ग्रहण शाम 6 बजकर 22 मिनट पर दिखाई दिया। सूर्यास्त के आस-पास लगे इस ग्रहण को देखने के लिए लोग खुले स्थानों और छतों का रुख करते हुए दिखाई दिए। वहीं, नोएडा में ग्रहण 6 बजकर 20 मिनट पर दिखा।

## एमपी में टैक्स फ्री हुई 'शतक', सीएम बोले-राष्ट्रसेवा का संदेश देती है फिल्म



**भोपाल।** डॉ. मोहन यादव ने फिल्म 'शतक' को मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म राष्ट्रसेवा, संस्कार और आत्मनिर्भर भारत के संदेश को मजबूती से प्रस्तुत करती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'शतक' फिल्म को राज्य में टैक्स फ्री कर दिया है। सीएम ने कहा कि 'शतक' फिल्म आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की बात करती है। इस फिल्म में संगठित विचार, चरित्र और सेवा भाव का संदेश छिपा हुआ है। उन्होंने कहा कि शतक फिल्म राष्ट्रसेवा और संस्कार की परंपरा की बात करती है। इस परंपरा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने वर्षों से जीवित रखा है।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'हिंदी फिल्म 'शतक' को सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री किया गया है। यह फिल्म राष्ट्रसेवा और संस्कारों की उस परंपरा को सशक्त रूप में प्रस्तुत करती है, जिसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने दशकों से जीवित रखा है। फिल्म 'शतक' संदेश देती है कि संगठित विचार, चरित्र और सेवा भाव से ही एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है।' सीएम डॉ. यादव के इस निर्णय की आम जनता ने जमकर तारीफ की है। बता दें, 'शतक : संघ के 100 साल' फिल्म का निर्माण वीर कपूर ने किया है। इसके निर्देशक आशीष मल्ल हैं।

### शुभकामनाएं

**रंगों के पावन पर्व होली** पर देश एवं प्रदेशवासियों, सभी पाठकों, विज्ञापन दाताओं को **दैनिक अमृत दर्शन** परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

- संपादक

### अवकाश की सूचना

**दैनिक अमृत दर्शन** कार्यालय में 4 मार्च को अवकाश रहेगा। अगला अंक 6 मार्च को प्रकाशित होगा।


- व्यवस्थापक

### अंतर्मना उवाच

***संबंध बनाए रखने का पर्व है--होली.. इसलिए रिश्तों को बचाने के लिए हाथ पकड़ें, बात नहीं..!***

*क्योंकि राग, अनुराग, अपनत्व से भरा त्यौहार है - फाग यानि होली। आओ **मन के मैल को धोयें और गले मिलकर कहें-- बुरा ना मानो होली है, होली है भाई होली है।***

*भारतीय संस्कृति में त्योहारों का अपना एक आनंद है, जैसे- होली, दशहरा, दीवाली, रक्षाबंधन आदि।*



***होली केवल रंगोत्सव नहीं बल्कि मन के मैल को धोने का अपनोत्सव है।** यह बसन्तोत्सव संबंधो को मधुर बनाता है, रिश्तों में रस घोलता है और वाणी- व्यवहार को कोमल बनाता है, ऐसा है फाग का त्योहार। **जब हम होली को मन के कालुष्य, विचारों के वैमनस्य, परिणामों के संक्लेश से मुक्त होकर खेलते हैं, तभी यह त्योहार सफल और सार्थक बनता है।** होली पर्व हमें आंतरिक शुद्धि का संदेश भी देती है। जैसे - होलिका- दहन में बुराईयों का दहन करके, मन के विकारी भावों का त्याग करना चाहिए। जब मन पवित्र और चित्त निर्मल होता है, तभी जीवन में रंगोत्सव घटता है।*

***रंगो का भी अपना एक महत्व है,** जैसे --*

- ***लाल रंग** - साहस और ऊर्जा को प्रदान करता है।*
- ***पीला रंग** - मन की शक्ति और चेहरे की प्रसन्नता को बढ़ाता है।*
- ***हरा रंग** - प्रकृति से जोड़कर मन को हरा भरा और ताजगी से भर देता है।*
- ***नीला रंग** - मन की बुराईयों को दूर करके, विश्वास और संतुलन को बढ़ाता है।*
- ***सफेद रंग** - सुख, शांति, प्रेम और आनंद को बढ़ाकर अपरिचित को भी परिचित बनाता है।*

*इसलिए **सभी रंगो का अपना विशेष महत्व और आनंद है।***

*रंग ऐसा भरो - रंग ऐसा भरो,*
*ना रंग नफरत का हो, ना रंग मजहब का हो..*
*रंग ऐसा भरो,*
*जिसके छींटो में बस प्यार ही प्यार हो..*
*रंग ऐसा भरो...!!!*

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

## चंद्रग्रहण के बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर में हुई विशेष सफाई, आरती में लगा भक्तों का तांता



**उज्जैन ■ एजेंसी**

चंद्रग्रहण समाप्त होने के बाद मंगलवार शाम श्री महाकालेश्वर मंदिर में पारंपरिक रीति से शुद्धिकरण किया गया। मंदिर के पुजारियों ने पवित्र नदियों के जल से नंदी हाल, गर्भगृह, शिखर और पूरे परिसर को धोकर शुद्ध किया। इसके बाद विधिवत पूजन-अर्चन कर विशेष आरती संपन्न हुई। चंद्रग्रहण के दौरान देशभर के अधिकांश मंदिरों के कपाट बंद रहे, लेकिन कालों के काल भगवान महाकाल के मंदिर के कपाट बंद नहीं किए गए। श्रद्धालुओं को दर्शन से नहीं रोका गया। हालांकि सूतक काल के कारण भोग अर्पित करने और भगवान के स्पर्श पर प्रतिबंध रखा गया।

करीब 17 मिनट तक चले चंद्रग्रहण के समापन के साथ ही मंदिर परिसर में धुलाई का क्रम शुरू हुआ। नंदी हाल और शिखर सहित पूरे परिसर को पानी से धोया गया। गर्भगृह में पुनः पूजन-अर्चन प्रारंभ किया गया। इसके पश्चात बाबा महाकाल का आकर्षक श्रृंगार किया गया और विशेष आरती की गई। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने आरती में शामिल होकर दर्शन लाभ प्राप्त किया। मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने बताया कि महाकाल प्रधान देवता हैं और उन पर सूतक का प्रभाव नहीं माना जाता। इसलिए ग्रहण काल में भी नियमित आरती की गई।

**अन्य मंदिरों में रहे बंद पट-** धार्मिक नगरी उज्जैन में सूतक काल की शुरुआत सुबह 6:20 बजे से हुई, जिसके बाद शहर के अधिकांश वैष्णव मंदिरों के पट बंद कर दिए गए। कई मंदिरों के मुख्य द्वारों पर ताले लगाए गए और मूर्तियों को कपड़े से ढंक दिया गया। चंद्रग्रहण समाप्त होने के बाद शाम को अन्य मंदिरों में भी शुद्धिकरण के बाद पूजन और आरती का क्रम पुनः शुरू हुआ। ग्रहण खत्म होते ही शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

### चंद्रग्रहण के बाद पवित्र नदियों के घाटों पर उमड़ी भीड़

**नर्मदापुरम।** साल का पहला चंद्रग्रहण आज सिंह राशि और मघा नक्षत्र में मंगलवार को लगा। ऐसे में सूतक काल लगते ही मंदिरों के कपाट भी सुबह ही बंद कर दिए गए थे। ग्रहण खत्म होते ही लोगों ने नर्मदा और गंगा नदी के घाटों पर पहुंचकर स्नान किया और पूजा-अर्चना की। वहीं शुद्धिकरण के बाद मंदिरों के कपाट खोले गए। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, मंगलवार को चंद्रग्रहण दोपहर 3 :27 बजे शुरू हुआ और इसका समापन शाम 6 :57 बजे हुआ। आचार्य डॉ. सुशांत राज ने बताया कि फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि पर साल का पहला चंद्रग्रहण पड़ा। सूतक काल में पूजा पाठ समेत अन्य मांगलिक कार्य भी वर्जित रहे।



### होर्मुज रूट के बंद होने से दुनिया के कई देशों की तेल सप्लाई पर प्रभाव पड़ेगा

# भारत के पास सिर्फ 25 दिन का तेल बचा

# इजराइल-ईरान जंग के बीच इम्पोर्ट रूट बंद

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान-इजराइल युद्ध के बीच भारत के पास अब सिर्फ 25 दिनों का क्रूड ऑयल यानी कच्चा तेल और रिफाइंड ऑयल का स्टॉक बचा है।

**सरकार नए सप्लायर्स तलाश रही**



देश की एनर्जी सिक्योरिटी को लेकर यह अपडेट सरकारी सूत्रों के मुताबिक दिया है। हालांकि सरकार अभी पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाएगी।

दरअसल, ईरान ने स्ट्रैट ऑफ होर्मुज को बंद करने का ऐलान कर दिया है। साथ ही ईरान की सेना ने चेतावनी दी है कि इस रूट से अगर कोई भी जहाज गुजरता है, तो उसे आग लगा दी जाएगी। ओमान और ईरान के बीच स्थित यह रूट दुनिया के ऑयल बिजनेस के लिए सबसे जरूरी माना जाता है।

होर्मुज रूट के बंद होने से दुनिया के कई देशों की तेल सप्लाई पर प्रभाव पड़ेगा, जिसमें भारत समेत एशियाई देशों पर सबसे ज्यादा असर होगा। इस रूट के बंद होने कारण ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतें भी 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती हैं। अभी ब्रेंट क्रूड की कीमत करीब 5.58% बढ़कर 80.41 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गई है।

आम जनता के लिए राहत की बात यह है कि भारत सरकार का फिलहाल पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, इंटरनेशनल मार्केट में उतार-चढ़ाव के बावजूद घरेलू स्तर पर कीमतों को स्थिर रखने की कोशिश की जा रही है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा है कि देश में प्रमुख पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की अवेलेबिलिटी और किफायती दाम तय करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। इससे पहले सोमवार को केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और सरकारी तेल कंपनियों के साथ एक हाई-लेवल मीटिंग की थी।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर 80 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द



पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच परिचालन संबंधी व्यवधानों के कारण मंगलवार सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर कुल 80 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इनमें 36 प्रस्थान उड़ानें और 44 आगमन उड़ानें शामिल हैं। एमिरेट्स समेत कुछ एयरलाइन ने पश्चिम एशिया के लिए आंशिक रूप से सेवाएं फिर शुरू कर दी हैं। उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम' पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार दुबई जा रही एमिरेट्स एयरलाइन की उड़ान संख्या ईके-513 वायुक्षेत्र संबंधी प्रतिबंधों के कारण राष्ट्रीय राजधानी लौट आई। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने 'एक्स' पर पोस्ट किया है कि पश्चिम एशिया की मौजूदा राजनीतिक स्थिति के कारण पश्चिम की ओर जाने वाली कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी या समय-सारिणी में बदलाव किया जा रहा है।

### खामेनेई की मौत के बाद भारत में हाई अलर्ट, कानून-व्यवस्था के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

मध्य पूर्व के हालात को देखते हुए भारत में हाईअलर्ट जारी किया गया है। गृह मंत्रालय और सुरक्षा एजेंसियों ने सभी राज्यों को संदिग्ध लोगों पर नजर रखने और प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस फोर्स तैनात करने का निर्देश दिया है, जिससे देश में शांति व्यवस्था बनी रहे। अमेरिका-इजरायल के हमले में मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के समर्थन में देश के विभिन्न राज्यों में प्रदर्शन हो रहे हैं। कुछ लोग सोशल मीडिया के माध्यम से देश में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, राज्यों में पुलिस-प्रशासन ने सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर भी सख्त चेतावनी दी है। नागरिकों से कहा गया है कि वे किसी भी तरह का आपत्तिजनक, भड़काऊ या अनचाहा कंटेंट पोस्ट, शेयर या फॉरवर्ड करने से बचें।

### पश्चिम एशिया संकट: पीएम मोदी ने ओमान और कतर से की बात

# 48 घंटों में आठ देशों के नेताओं से शांति बहाली पर मोदी ने की चर्चा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



अमेरिका और इस्राइल की ईरान पर संयुक्त सैन्य कार्रवाई के बाद पश्चिम एशिया क्षेत्र के हालात तेजी से बदल रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार की दोपहर खाड़ी क्षेत्र के प्रमुख नेताओं से फोन पर बातचीत की। उन्होंने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक और कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबा अल-खालिद अल-अहम अल-मुबारक अल-सबाह से भी बात की।

प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों नेताओं से अलग-अलग फोन पर बातचीत की और उनके देशों में हो रहे हमलों पर चिंता जताई। प्रधानमंत्री ने उन देशों में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा पर भी चर्चा की। उन्होंने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हामेद अल-थानी से भी फोन पर बात की। उन्होंने कतर पर हमलों की आलोचना की और देश में भारतीय समुदायों के समर्थन और देखभाल के लिए अमीर का धन्यवाद किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने बीते 48 घंटों में जिन देशों के नेताओं से फोन पर बातचीत की है, उनमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), इस्राइल, सऊदी अरब, जॉर्डन, बहरीन, ओमान, कुवैत और कतर शामिल हैं।

इससे पहले, सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी ने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय से भी फोन पर बातचीत की थी। उन्होंने क्षेत्र में फैले तनाव के मुद्दे पर चर्चा की। बातची के बाद प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया, मैंने जॉर्डन के राजा किंग अब्दुल्ला द्वितीय से बातचीत की। क्षेत्र में तेजी से बदले हालात पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। हमने शांति, सुरक्षा और जॉर्डन की जनता के कल्याण के प्रति अपने समर्थन की फिर से पुष्टि की। इस कठिन समय में जॉर्डन में भारतीय समुदाय का ध्यान रखने के लिए मैंने उनका आभार भी जताया।

### बहरीन के किंग और सऊदी क्राउन प्रिंस से की चर्चा

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को बहरीन के किंग और सऊदी के क्राउन प्रिंस को भी फोन किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, टेलीफोन पर उन्होंने बहरीन के किंग और सऊदी क्राउन प्रिंस के साथ ईरान और इस्राइल के बीच टकराव समेत कई मुद्दों पर बातचीत की।

## यूट्यूब पर बजा पीएम मोदी का डंका: छुआ 30 मिलियन सब्सक्राइबर का आंकड़ा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

**ट्रंप से सात गुना ज्यादा फोलोअर्स**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एक और उपलब्धि हासिल की। उन्होंने यूट्यूब पर 30 मिलियन सब्सक्राइबर का आंकड़ा पार कर लिया है। ऐसा करने वाले वे विश्व के पहले नेता बन गए हैं। विश्व नेताओं में, प्रधानमंत्री मोदी के यूट्यूब पर सबसे अधिक सब्सक्राइबर हैं। रैंकिंग के अनुसार, वे इस श्रेणी में अन्य सभी से काफी आगे हैं।

दूसरे स्थान पर ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो हैं, जिनके सब्सक्राइबर प्रधानमंत्री मोदी के सब्सक्राइबर का लगभग एक-चौथाई ही हैं। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के पास अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में सात गुना से अधिक सब्सक्राइबर हैं। भारत में, प्रधानमंत्री मोदी का दबदबा और लोकप्रियता स्पष्ट है। सब्सक्राइबर के मामले में, प्रधानमंत्री मोदी के पास राहुल गांधी से लगभग तीन गुना और आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से चार गुना से भी अधिक सब्सक्राइबर हैं।

यह उपलब्धि पीएम मोदी ने इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन फोलोअर्स का आंकड़ा पार करने के बाद हासिल की गई है। उन्होंने हाल ही में इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल की है। ऐसा करने वाले वे पहले विश्व नेता और राजनेता बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की संख्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से दोगुनी से भी अधिक है। अगले 5 प्रमुख विश्व नेताओं के फॉलोअर्स की कुल संख्या प्रधानमंत्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या से कम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 43.2 मिलियन फॉलोअर्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

## महायुद्ध का असर, सीबीएसई ने टालीं 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाएं




**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट (खाड़ी देशों) में लगातार भड़क रहे भयानक युद्ध और तनावपूर्ण हालातों का असर अब वहां रहने वाले भारतीय छात्रों की शिक्षा पर भी पड़ने लगा है। सुरक्षा कारणों और मौजूदा गंभीर स्थिति को देखते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई ) ने एक बेहद अहम और बड़ा फैसला लिया है। बोर्ड ने खाड़ी देशों के कुछ हिस्सों में होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को तुरंत प्रभाव से टाल दिया है। इस अचानक लिए गए फैसले से वहां परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों और उनके अभिभावकों में चिंता और बेचैनी बढ़ गई है।

### भाजपा ने राज्यसभा के लिए 9 उम्मीदवारों की पहली सूची की जारी

# बिहार से नितिन नवीन और छत्तीसगढ़ से लक्ष्मी वर्मा को बनाया उम्मीदवार

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनावों के लिए अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की है।

पार्टी ने बिहार से नितिन नवीन और शिवेश कुमार, असम से तेरश गोवाला और जोगेन मोहन, छत्तीसगढ़ से लक्ष्मी वर्मा, हरियाणा से संजय भाटिया, ओडिशा से मनमोहन सामल और सुजीत कुमार और पश्चिम बंगाल से राहुल सिन्हा के नामों की घोषणा की है। इससे पहले, 18 फरवरी को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने 10 राज्यों से रिक्त होने वाली 37 सीटों को भरने के लिए राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनावों का कार्यक्रम घोषित किया था। आयोग के अनुसार, मतदान 16 मार्च को सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक होगा और मतगणना उसी दिन शाम 5:00 बजे होगी।

10 राज्यों से निर्वाचित राज्य परिषद के 37 सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल 2026 में समाप्त होने वाला है। आगामी रिक्तियों को देखते हुए, आयोग ने चुनावी प्रक्रिया के लिए एक विस्तृत समय सारणी तैयार की है। चुनाव की अधिसूचना 26 फरवरी को जारी की गई। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 5 मार्च निर्धारित की गई है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 6 मार्च को की जाएगी।

### दुबई में फंसे 149 भारतीयों के साथ विमान ने भरी उड़ान

## इंदौर की बेटी प्रियल यात्रियों को दुबई से लाई अपने देश

***इंदौर ■ एजेंसी***



*ईरान और इजराइल के बीच जारी युद्ध संकट के बीच दुबई में फंसे भारतीयों के लिए इंदौर की बेटी प्रियल रक्षक बनकर सामने आईं। एयर इंडिया की विशेष उड़ान की सह-कप्तान के रूप में प्रियल ने दुबई से 149 यात्रियों को सुरक्षित नई दिल्ली पहुंचाया।*

*दुबई में फंसे यात्रियों को मौजूदा युद्ध संकट के बीच इंदौर की बेटी अपने देश लेकर आई। शाम को जिस विमान से वे 149 यात्रियों को लेकर दिल्ली के विमानतल पर पहुंची तो यात्रियों के परिजनों ने उनका स्वागत किया।*

*'हर तरफ मिसाइलें, सहम गए थे बच्चे': हमलों के बीच कैसे बीते खौफनाक दिन; मस्कट से लौटे भारतीयों ने सुनाई दास्तां ईरान-इजराइल युद्ध के कारण कई भारतीय दुबई में फंसे हुए थे। दुबई एयरपोर्ट से भी उड़ानें बंद थी। मंगलवार को दिल्ली और मुंबई के लिए उड़ान शुरू हुई और देश सेवा का मौका इंदौर की बेटी प्रियल को मिला। एयर इंडिया की उड़ान संख्या AI916D में दुबई से वे यात्रियों को अपने देश की राजधानी नई दिल्ली लाई। प्रियल उस उड़ान की सह-कप्तान थी।*

### *विमानतल पर यात्रियों का किया स्वागत*

*शाम को प्रियल विमान के साथ दुबई पहुंची और 149 यात्रियों को दुबई से नई दिल्ली लेकर आई। फ्लाइट के यात्रियों और चालक दल का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत किया गया। मौजूदा संकट के बीच किसी भी भारतीय विमानन कंपनी का यह पहला अंतरराष्ट्रीय आगमन था, जिसमें 149 यात्री और आठ चालक दल के सदस्य सवार थे। दो घंटे के सफर के बाद उड़ान नई दिल्ली पहुंची और कई दिनों से फंसे भारतीयों ने अपने देश पहुंच कर राहत की सांस ली। अब अन्य उड़ानें भी संचालित होंगी और दुबई से यात्रियों को दिल्ली और मुंबई लाएंगी। इंदौर के कुछ यात्री दुबई से मुंबई भी पहुंचे हैं*

## अफगानिस्तान का पाकिस्तान पर बड़ा हमला, 25 से ज्यादा चौकियों कब्जाई



**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच डूरंड लाइन पर पिछले पांच दिनों से जंग जारी है। इस बीच अफगान सेना ने पाकिस्तानी वायुसेना के हवाई हमलों का कड़ा जवाब देते हुए पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किए हैं। अफगान रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि उनकी सेना ने 2,600 किलोमीटर लंबी सीमा के पास कई जरूरी पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। स्पिन बोल्डक में तीन चौकियों पर कब्जा करने के दौरान तीन पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और एक सैनिक को अफगान सेना ने पकड़ लिया। इसके अलावा, अफगानिस्तान के टोलो न्यूज ने बताया कि अली-शेर जिले में भी दो पाकिस्तानी पोस्ट अब अफगान सेना के कब्जे में हैं।

### होली तैयारीः भोपाल में 3000 जवान तैनात

# निकलेगा भव्य चल समारोह, 108 सेवा अलर्ट पर, ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्ती

**भोपाल ■ निसं**



भोपाल में होली को लेकर हाई अलर्ट घोषित है। 3000 पुलिस जवान तैनात रहेंगे, ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्ती होगी और प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त सुरक्षा रहेगी। 108 एंबुलेंस और 104 हेल्पलाइन सक्रिय रहेंगी। नगर निगम ने तेज प्रेशर से पानी सप्लाई की व्यवस्था की है। प्रशासन ने नागरिकों से सुरक्षित और संयमित तरीके से त्योहार मनाने की अपील की है। भव्य होली चल समारोह आयोजित किया जाएगा। रंगों के पर्व होली को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए राजधानी में प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहरभर में 3000 पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। होलिका दहन से लेकर धुलेंडी तक सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग करेंगे। हुड़दंग, शांति भंग करने और नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खुद भोपाल पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा कर चुके हैं। बुधवार को भोपाल में होली के अवसर पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस जवान तैनात किए जा रहे हैं। साथ ही अधिकारी दिन भर पेट्रोलिंग करेंगे। गुरूवार को पुलिसकर्मी होली खेलेंगे।

**सड़कों पर कड़ी निगरानी, ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्तीः** शहर के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस ब्रीथ एनालाइजर के साथ तैनात रहेगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ तत्काल चालानी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्हें हवालात की हवा खिलाई जाएगी। पिछले वर्षों की तरह, इस बार भी शराब पीकर वाहन चलाने के मामलों में वाहन को जब्त किया जा सकता है और उसे छुड़ाने के लिए लोगों को अदालत जाना होगा। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार के अनुसार शहर में फिक्स पॉइंट लगाकर चेकिंग की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ड्रिंक एंड ड्राइव मामलों में कार्रवाई करेगी। नगर रक्षा समिति के सदस्य भी निगरानी में सहयोग करेंगे।

**ड्रोन से रखी जाएगी हुड़दंगियों पर नजरः** होली के अवसर पर हुड़दंगियों पर कार्रवाई के लिए ड्रोन तैनात किए जा रहे हैं। ड्रोन से संकरी गलियों, मोहल्लों और फार्म हाउसों में होने वाली पार्टियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों का उपयोग किया जाएगा। पुलिस की विशेष बाइक पेट्रोलिंग टीमें गली-मोहल्लों में गश्त करेंगी ताकि हुड़दंग करने वालों या जबरदस्ती रंग डालने वालों को मौके पर ही पकड़ा जा सके। महिलाओं के साथ छेडखानी या अभद्रता रोकने के लिए सादे कपड़ों में भी पुलिस बल (विशेषकर महिला पुलिसकर्मी) तैनात रहेगा। पूरे शहर में 20 से अधिक प्रमुख चेकिंग पॉइंट्स बनाए गए हैं जहाँ संदिग्ध वाहनों की सघन तलाशी की जाएगी।

**रेलवे स्टेशनों पर भी विशेष व्यवस्थाः** त्योहार के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए भोपाल जंक्शन रेलवे स्टेशन, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, इटारसी जंक्शन रेलवे स्टेशन और बीना जंक्शन रेलवे स्टेशन सहित प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त स्टाफ तैनात रहेगा, ताकि भीड़जनित दुर्घटनाएं रोकी जा सकें।

**निकलेगा भव्य चल समारोहः** धर्म और परंपरा की जीवंत अभिव्यक्ति के रूप में श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा भव्य होली चल समारोह आयोजित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि यह पारंपरिक शोभायात्रा सुबह 10 बजे दयानंद चौक से प्रारंभ होकर घोड़ा निक्कास, मंगलवारा जैन मंदिर, इतवारा, इलेक्ट्रॉनिक मार्केट, चौकी चौक, सावरकर चौक, लखेरापुरा, भवानी चौक, सिंधी मार्केट होते हुए जनकपुरी पर समापन करेगी। चल समारोह में सुसज्जित झांकियां, पारंपरिक ढोल-ताशे, डीजे, डुल-डुल घोड़ी, भव्य बग्घियां और रंगों से सराबोर टैंकर आकर्षण का केंद्र रहेंगे। 3 मार्च को ग्रहण होने के कारण इस वर्ष यह आयोजन 4 मार्च को किया जा रहा है। समिति ने नागरिकों से उत्साहपूर्वक भागीदारी और मादक पदार्थों से दूर रहकर त्योहार मनाने की अपील की है।

## संक्षिप्त समाचार

### होली पर बंद रहेंगे भोपाल के बाजार:पुराने शहर, न्यू मार्केट-10 नंबर भी बंद रहेंगे

**भोपाल।** होली पर भोपाल के बाजार बंद रहेंगे। केवल दूध, मेडिकल जैसी इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी। बंद के चलते एक दिन पहले मंगलवार को लोग बाजारों में खरीदारी करते हुए नजर आए। पुराने शहर, न्यू मार्केट, 10 नंबर मार्केट, एमपी नगर समेत अधिकांश दुकानों को बंद रखा जाएगा। भोपाल थोक किराना महासंघ के अनुपम अग्रवाल ने बताया कि थोक किराना बाजार से 200 किलोमीटर के दायरे में किराना सामग्री पहुंचाई जाती है। होली के चलते बुधवार को मार्केट पूरी तरह से बंद रहेगा। इसलिए मंगलवार को ही किराना सामान की सप्लाई की गई। इसके अलावा लखेरापुरा, चौक, इब्राहिमगंज, हमीदिया रोड, आजाद मार्केट भी बंद रहेंगे। हालांकि, रमजान के चलते शाम 4 बजे के बाद कुछ दुकानें खुली रहेंगी। ताकि, लोगों को खरीदारी में कोई दिक्कत न हो। कैट के पूर्व प्रवक्ता विवेक साहू ने बताया, होली के मौके पर शहर के विभिन्न व्यापारी संगठनों ने पूर्ण रूप से व्यापार बंद रखने का निर्णय लिया है। इनमें भोपाल किराना व्यापारी महासंघ, थोक चावल दाल संघ, राजधानी किराना व्यापारी संघ, आटा मैदा एसोसिएशन, थोक गल्ला मंडी करोंद, थोक तेल शक्कर व्यापारी संघ, कन्फेक्शनरी व्यापारी एसोसिएशन, आजाद मार्केट व्यापारी संगठन, भोपाल व्यवसाय संघ, चौक सराफा बाजार, थोक रेडीमेड व्यवसाय संघ, थोक वस्त्र व्यवसाय संघ बैरागढ़, न्यू मार्केट व्यापारी संरक्षण समिति, भेल व्यापारी संघ, इलेक्ट्रॉनिक मार्केट इतवारा, ट्रांसपोर्ट संगठन पुराना भोपाल, घोड़ा निक्कास व्यापारी संघ आदि व्यापारिक संगठन शामिल हैं।

### शहर के मंदिरों में आठ दिवसीय श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का समापन

**भोपाल।** राजधानी के जैन मंदिरों में अष्टानी का पर्व के अवसर पर आठ दिवसीय सृष्टि चक्र महामंडल विधान का समापन हुआ। मंदिरों में अभिषेक पूजा अर्चना के साथ विश्व शांति महायज्ञ में आहुतियां दी गई। प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया कि नंदीश्वर जिनालय में विराजमान भगवान जिनेंद्र की प्रतिमाओं का अभिषेक शांति धारा के साथ 1024 अर्ग समर्पित किए गए। इन दिनों में श्रद्धालुओं ने संयम नियम के साथ भौतिक सुख सुविधाओं को दूर कर विशेष आराधना की,, ओर व्रत उपवास किए। जिनालय में प्रमुख मंडल पर श्रीफल समर्पित कर सभी के मंगल में जीवन की कामना और जगत में शांति की कामना की गई। इस विशेष अवसर पर विश्व शांति महायज्ञ में आहुति के साथ सारे संसार में विनाश बंद हो और सभी विकास की ओर अग्रसर हो विशेष प्रार्थना की गई। मंदिर समिति द्वारा पुण्याजर्क परिवारों का बहुमान किया गया। संचालन डॉ सर्वज्ञ जैन ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष एडवोकेट विजय चौधरी, प्रमोद ऊषा चौधरी, सो धर्म इंद्र कमल क्रांति, द्रव्य सहयोग अरविंद अर्चना, प्रियेश अर्पिता आर टी ओ, कुबेर पदम संगीता, श्रीपाल मेना सुंदरी राकेश सुनीता सलामतपुर, महायज्ञ नायक शैलेश रेखा, डॉ सर्वज्ञ, जीतू सिलवानी, नील चौधरी अन्य प्रमुख इंद्र विपिन विनीता सिंघई, विनोद पुष्पा जैन, डॉ शैलेंद्र डॉ स्वाति, मनोज बबलू, नीलिमा सृजन, अजीत वंदना बर्फी हाउस, प्रशांत अमिता अशोक, सुनीता आर एस आनंद, नीलम वर्धन, चक्रेश ममता चौधरी, ऋषभ कमलेश सिंघई, निर्मल सरोज हुंडी, नरेंद्र शोभा बजाज मौजूद थे। प्रवक्ता अंशुल के अनुसार शहर के प्रमुख प्रोफेसर कॉलोनी चौक जैन मंदिर, कस्तूरबा नगर मंदिर, मंगलवारा, पिपलानी, अयोध्या नगर, अशोका गार्डन, अहिंसा विहार, नेमीनगर, करोद, बैरागढ़, सिद्धार्थ लेक सिटी, चंदन नगर, कोएफिजा शाहजहानाबाद, नवग्रह जनली सहित सभी प्रमुख मंदिरों में विशेष आराधना पूजा अर्चना की गई।

### 1432 करोड़ में होंगे भोपाल की शराब दुकानों के टेंडर

# 29 दुकानों के लिए प्रोसेस की गई, किसी ने नहीं भरा; अब नए सिरे से फिर होंगे

**भोपाल ■ निसं**



भोपाल की कुल 87 कम्पोजिट शराब दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार ठेकों को 4 की बजाय 20 ग्रुप में बांटा गया है। ताकि, छोटे और नए लाइसेंस कारोबारी भी ठेके ले सके। 29 ठेकों के लिए पहली नीलामी 2 मार्च को की गई, लेकिन एक भी टेंडर नहीं आए। इसके पीछे जिम्मेदार बड़े ग्रुप की मोनोपाली बता रहे हैं। विभाग के मुताबिक, अब नए सिरे से टेंडर की प्रक्रिया की जाएगी। बाकी ग्रुप के लिए भी टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बता दें कि 29 दुकानों को 7 ग्रुप में बांटा गया है। जिसकी रिजर्व प्राइस करीब 520 करोड़ रुपए रखी गई है। वहीं, सभी 87 शराब ठेकों की रिजर्व प्राइस 1432 करोड़ रुपए है। सोमवार को पहले फेज में टेंडर की प्रोसेस शुरू की गई थी, लेकिन एक भी टेंडर नहीं आया। इसके चलते अब इन दुकानों की वापस टेंडर की प्रक्रिया की जाएगी।

**ग्रुप वाइज में इतनी दुकानेंः** पहले फेज के 7 ग्रुप के लिए प्रक्रिया की गई। इनमें बागसेवनिया ग्रुप की 5 दुकान, हबीबगंज फाटक ग्रुप की 4 दुकान, भानपुर चौराहा ग्रुप की 5 दुकान, स्टेशन बजरिया ग्रुप की 5 दुकान, खजूरीकलां ग्रुप की 3 दुकान, जहांगीराबाद ग्रुप की 4 दुकान और गुनगा ग्रुप की 3 दुकानें शामिल हैं। मंगलवार को अन्य ग्रुप की टेंडर प्रक्रिया की शुरुआत कर दी गई।

**नई आबकारी नीति लागूः** प्रदेश में राज्य सरकार ने नई आबकारी नीति लागू कर दी है। नई व्यवस्था में शराब दुकानों को छोटे-छोटे समूहों में बांटा है। भोपाल की 87 दुकानों को 20 ग्रुप में बांटा है। जिनके आवंटन की प्रक्रिया ई-टेंडर के जरिए की जा रही है।

**ठेकों के टेंडर नहीं होने की ये वजहः** वर्ष 2025-26 में जिले की सभी दुकानें 4 ग्रुप में शामिल की गई थी। इस बार सभी 87 कम्पोजिट मदिरा दुकानों को 20 ग्रुप में शामिल किया गया है। इस व्यवस्था से बड़े शराब ठेकेदारों का एकाधिपत्य समाप्त हुआ है। वहीं, नए और छोटे लाइसेंसियों को शराब व्यवसाय में भागीदारी का भी अवसर मिलेगा।

एकाधिपत्य को खत्म करने से कई ठेकेदारों में घबराहट जैसा माहौल है। वे अपने एकाधिपत्य को कायम रखने के लिए इस वर्ष के शराब व्यवसाय में घाटा होने का प्रचार भी करते हुए नजर आ रहे हैं। जिससे छोटे व नवीन लाइसेंसी हतोत्साहित होकर वर्ष 2026-27 के मदिरा दुकानों के टेंडर में शामिल होने से अपने हाथ पीछे खीच लें। टेंडर न आने के कारण शासन पुनः बड़े समूह बनाने पर विवश हो जाए और इन बड़े समूहों के जरिए वर्तमान बड़े लाइसेंसियों का इस व्यवसाय में एकाधिपत्य कायम रहें।

दूसरी ओर, आंकड़े बताते हैं कि वर्तमान वर्ष 2025-26 में माह फरवरी के अंत तक प्रत्येक गुप से 50 करोड़ रुपए से भी अधिक का मुनाफा हुआ है।

#### इस बार 20% बढ़ी ठेके की कीमत

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नीलामी की प्रक्रिया में ठेके 1193 करोड़ रुपए से ज्यादा में हुए थे, जो टारगेट से 11 प्रतिशत यानी, 120 करोड़ रुपए अधिक थे। इस बार 1432 करोड़ रुपए रिजर्व प्राइस रखी गई है। बता दें कि वर्तमान मूल्य में 20 प्रतिशत बढ़ोत्तरी कर आरक्षित मूल्य तय किया है। इसका असर अब समूहों की कीमतों पर दिखने लगा है। भोपाल में इस बार सबसे महंगा समूह पिपलानी का है। इसमें 4 दुकानें – पिपलानी, अयोध्या नगर, रत्नागिरी तिराहा और पटेल नगर हैं। 20 फीसदी आरक्षित मूल्य बढ़ने के बाद इस समूह की कीमत 127 करोड़ 77 लाख 60 हजार 551 रुपए हो गई है। इससे पहले वर्ष 2025-26 में इन दुकानों का वार्षिक मूल्य 106 करोड़ 48 लाख से ज्यादा था।

### एकता, सकारात्मकता और सांस्कृतिक समरसता का संदेश

# एम्स भोपाल में होली मिलन समारोह का आयोजन

**भोपाल ■ निसं**

एम्स भोपाल निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी प्रोत्साहित करता रहा है। इसी क्रम में संस्थान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन एकता, सकारात्मकता और सांस्कृतिक समरसता का संदेश देने वाला रहा। होली का पर्व केवल रंगों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। एम्स भोपाल में आयोजित यह समारोह हमारे समृद्ध परंपराओं को सहेजने और सकारात्मकता के संदेश को आगे बढ़ाने का अवसर बना। इस अवसर पर छात्रों, संकाय सदस्यों और रेजिडेंट्स ने अपने शैक्षणिक एवं व्यावसायिक दायित्वों से इतर एक साथ समय बिताया और होली के उल्लास को साझा किया।

रंगों के इस उल्लासमय पर्व पर एम्स भोपाल ने सभी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उत्सव सभी के जीवन में आनंद, प्रेम और समृद्धि लेकर आए। साथ ही, सुरक्षित और स्वस्थ होली मनाने पर विशेष जोर दिया गया।

एम्स भोपाल के त्वचा विभाग ने होली के अवसर पर त्वचा और बालों की देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण सलाह जारी की। होली खेलने से पहले बालों में हल्का तेल या कंडीशनर लगाने और शरीर पर मॉइस्चराइज़र की मोटी परत लगाने की सलाह दी गई। खुले हिस्सों पर जल-प्रतिरोधी सनस्क्रीन लगाने को भी उपयोगी बताया गया। होली के बाद त्वचा को जोर से रगड़ने से बचने, पहले मॉइस्चराइज़र लगाने और फिर हल्के क्लेंज़र से चेहरा धोने की सलाह दी गई।

स्नान के बाद त्वचा को अच्छी तरह मॉइस्चराइज़ करना आवश्यक बताया गया। बालों को धोते समय गर्म पानी से बचने और हल्के शैम्पू के उपयोग की सलाह दी गई। इन सरल सावधानियों से त्वचा में जलन, रूखापन और एलर्जी जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है। एम्स प्रशासन ने सभी से अपील की कि वे इन दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सुरक्षित, स्वस्थ और आनंदमय होली मनाएं।

### त्योहार के बीच 30 किशोरियों ने लगवाई HPV वैक्सीन

# अब तक 200 लड़कियां हो चुकीं वैक्सीनेटेड, एक्सपर्ट बोले- सर्वाइकल कैंसर से होगा बचाव

**भोपाल ■ निसं**




राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत भोपाल में सर्वाइकल कैंसर से बचाव की मुहिम लगातार आगे बढ़ रही है। अब तक जिले में 200 किशोरियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन लगाई जा चुकी है। विशेष बात यह रही कि मंगलवार को त्योहार और अवकाश के बावजूद स्वास्थ्य विभाग ने विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किया।

इस सत्र के लिए करीब 30 किशोरियों ने स्वयं पंजीकरण (सेल्फ रजिस्ट्रेशन) कराया और निर्धारित केंद्रों पर पहुंचकर टीका लगवाया। अधिकारियों के अनुसार, जागरूकता बढ़ने के साथ अब अभिभावक और किशोरियां स्वयं आगे आकर टीकाकरण में रुचि दिखा रही हैं। यह वैक्सीन भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम करने में प्रभावी मानी जाती है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि बुधवार को टीकाकरण नहीं होगा, जबकि गुरुवार से अभियान फिर नियमित रूप से शुरू कर दिया जाएगा। रविवार और घोषित अवकाश के दिनों को छोड़कर अन्य दिनों में वैक्सीनेशन जारी रहेगा।

**3 माह तक चलेगा अभियानः** सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और दुनिया भर में लाखों बालिकाओं को दी जा चुकी है। यह अभियान तीन माह तक चलेगा, जिसमें मध्यप्रदेश में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 8 लाख किशोरियों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। यह पहल प्रिवेंटिव हेल्थ केयर को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

### एम्स भोपाल में द्विभाषी पुस्तक 'शरीर क्रिया विज्ञान में बहुविकल्पीय प्रश्न' का विमोचन

**भोपाल।** एम्स भोपाल में चिकित्सा शिक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में एक नई पहल की गई है। संस्थान में द्विभाषी पुस्तक 'शरीर क्रिया विज्ञान में बहुविकल्पीय प्रश्न' का विमोचन किया गया। यह पुस्तक चिकित्सा विद्यार्थियों के लिए एक उपयोगी अध्ययन सामग्री के रूप में तैयार की गई है। यह पुस्तक डॉ. वरुण मल्होत्रा (अतिरिक्त प्रोफेसर, शरीर क्रिया विज्ञान विभाग, एम्स भोपाल) और डॉ. ज्योति केसवानी (संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योग में प्रोफेसर और योग विभाग की प्रमुख) द्वारा लिखी गई है। पुस्तक का विमोचन एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ, प्रो. (डॉ.) माधवानन्द कर की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर डॉ. संतोष वाकोडे (विभागाध्यक्ष, शरीर क्रिया विज्ञान विभाग, एम्स भोपाल) भी मौजूद रहे। पुस्तक में शरीर के विभिन्न तंत्रों से जुड़े बहुविकल्पीय प्रश्न दिए गए हैं। हर प्रश्न के साथ उसका स्पष्ट और विस्तृत उत्तर भी दिया गया है।

### होली पर वृक्षारोपण

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**भोपाल ■ निसं**



होली महोत्सव के अवसर पर सनातनी इन्फ्लुएंस संस्था द्वारा स्मार्ट सिटी पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सहभागिता करते हुए संस्था की टीम के साथ पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। होली जैसे पावन पर्व पर वृक्षारोपण का संकल्प समाज को सकारात्मक दिशा देता है। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह समूह देश में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम के दौरान संस्था पदाधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री के साथ आगामी आयोजनों को लेकर विस्तृत चर्चा की तथा उन्हें भविष्य के कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित किया। साथ ही, मंदिर स्वच्छता एवं अन्य सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के संकल्प को दोहराया गया।

कार्यक्रम के अंत में संस्था के सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। आयोजन में बड़ी संख्या में सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### मैनिट भोपाल में राष्ट्रीय विज्ञान समारोह

# एक्सपर्ट ने कहा- वैज्ञानिक सोच केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित ना रहे, समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए

**भोपाल ■ निसं**



वैज्ञानिक सोच केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित ना रहकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए। यह बात कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आरके पटेरिया ने मैनिट में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान समारोह के दौरान कही।

28 फरवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम में 'साइंस फॉर सोसाइटीः साइबर फॉरेंसिक साइंस एंड डिजिटल डेमोक्रेसी' विषय पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में 'वुमेन इन साइंसः कैटालाइसिंग विकसित भारत' को विशेष फोकस दिया गया। एलआरसी ए-ब्लॉक स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस आयोजन का उद्देश्य विज्ञान को समाज की डिजिटल चुनौतियों से जोड़ना और विद्यार्थियों में अनुसंधान व नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

**विशेषज्ञों के व्याख्यान बने आकर्षणः** कार्यक्रम में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नीकल टीचर्स ट्रेनिंग एंड रिसर्च भोपाल (NITTTR) के प्रोफेसर डॉ. नीरज कुमार राठौर ने मुख्य निर्णायक की भूमिका निभाते हुए छात्र प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन किया और विज्ञान प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। डॉ. सविता दीक्षित ने महिला वैज्ञानिकों की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. अजय चौबे ने बौद्धिक संपदा अधिकारों की उपयोगिता समझाई। डॉ. अक्षय अग्रवाल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लोकतंत्रीकरण पर व्याख्यान दिया और डॉ. दीप सिंह तोमर ने 'nslide Video' की अवधारणा के माध्यम से एआई की संभावनाओं को रेखांकित किया।

प्रतियोगिताओं में दिखा छात्रों का उत्साह

समारोह के दौरान आयोजित क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने साइबर फॉरेंसिक और सामान्य विज्ञान पर अपनी जानकारी का प्रदर्शन किया। लाइटनिंग टॉक्स के इम्प्रोम्प्टू सत्र में प्रतिभागियों ने गुप्त विषयों पर त्वरित तैयारी कर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। मीम मेकिंग प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जहां छात्रों ने जटिल तकनीकी विषयों को रचनात्मक और सरल रूप में प्रस्तुत किया।

इस आयोजन का संयोजन डॉ. ज्योति भारती और डॉ. विजय भास्कर सेमवाल ने किया। कार्यक्रम के संचालन और व्यवस्थाओं में छात्र समन्वयकों में आयुष सूर्यवंशी, निशांत तिवारी, हिमांशु, अजय शुक्ला, भौमिक, रवि आशुतोष, निहारिका, नम्रता, रेखा और भावना की सक्रिय भूमिका रही।

### जनगणना के लिए प्रगणक, पर्यवेक्षक नियुक्त करने गाइडलाइन

# शिक्षक, क्लर्क को कलेक्टर बना सकेंगे प्रगणक, इनसे सीनियर बनेंगे जनगणना सुपरवाइजर

**भोपाल ■ निसं**



एक मई से होने वाली मकानों की गणना और अगले साल होने वाली जनगणना के लिए राज्य शासन ने पर्यवेक्षकों और प्रगणकों की नियुक्ति के लिए गाइडलाइन तय कर दी है। शिक्षक, क्लर्क और अन्य कर्मचारी जनगणना के लिए प्रगणक नियुक्त होंगे जबकि पर्यवेक्षक उसे बनाया जाएगा जो प्रगणकों से सीनियर होगा। गृह विभाग के इस आदेश के बाद कलेक्टर अब प्रगणक और पर्यवेक्षक की तैनाती कर सकेंगे।

गृह (सामान्य) विभाग ने जनगणना 2027 के लिए अधिकारियों की नियुक्ति संबंधी आदेश जारी कर दिया है। गृह सचिव अभिषेक सिंह द्वारा सभी कलेक्टरों को लेकर जारी आदेश में कहा गया है कि अधिकारियों को उनके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

सचिव सिंह ने कहा है कि जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 4 की उपधारा (2) तथा जनगणना नियम, 1990 के नियम 3 का उपयोग करते हुए राज्य शासन ने संबंधित अधिकारियों को जनगणना 2027 के लिए नियुक्त किया है।

'विद्युत सुरक्षा एवं लाईनमेन दिवस' मनाया गया

# स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया




**खंडवा ■ निसं**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड खण्डवा वृत्त ने सोमवार को नवीन किशोर कुमार सभागृह खण्डवा में 'विद्युत सुरक्षा एवं लाईनमेन दिवस' मनाया गया। कार्यक्रम में दधीचि रेवड़िया अधीक्षण यंत्री खण्डवा, सुरेन्द्र सोलंकी अधीक्षण यंत्री ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड खण्डवा के साथ साथ सुनील मावस्कर अधीक्षण यंत्री स्टोर इंदौर वृत्त, दिलीप कुमार बुके कार्यपालन यंत्री एस टी सी संभाग खण्डवा, बृजमोहन गुप्ता कार्यपालन यंत्री शहर संभाग खण्डवा, अभिषेक रंजन कार्यपालन यंत्री खण्डवा द्वितीय संभाग भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में विद्युत सुरक्षा, सुरक्षा जागरुकता, दुर्घटना के कारण एवं बचाव, प्राथमिक उपचार जैसे विषयों पर मास्टर्स ट्रेनर्स विशाल बारसे, बिरेन्द्र कुमार, महेश सोलंकी एवं संदीप परते सहायक प्रबंधक द्वारा कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम 2 चरणों में सम्पन्न हुआ जिसमे कर्मचारियों को सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में सभी वर्ग के अधिकारी कर्मचारियों से विभिन्न तकनीकी विषयों पर प्रश्नोत्तरी की गई। जिसमे सही जवाब देने वाले प्रतिभागी को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में सभी वृत्त से उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाइन कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण भी दिए गए। कार्यक्रम में कुल 20 कर्मचारियों के परिजनों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर परिवार के बच्चों द्वारा 'लाइन कर्मचारियों की दुर्घटना से बचाव' विषय पर तैयार की गयी ड्राइंग, चित्र व पोस्टर का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विद्युत दुर्घटनाओं के प्रति जागरूकता सम्बन्धी वीडियो भी प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाए गए। इसके बाद अधीक्षण यंत्री दधीचि रेवडिया ने बिजली कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों और परिवारजनों को 'सुरक्षा शपथ' दिलवाई।

जबलपुर में सरकारी जमीन को लेकर दो पक्ष भिड़े

# बम्बाबरी गांव में जमकर चली लाठी-रॉड, महिलाओं सहित 7 घायल

**जबलपुर ■ निसं**

जबलपुर के बम्बाबरी गांव में सरकारी रास्ते को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-रॉड चले। घटना सोमवार देर रात की है। विवाद में महिलाओं सहित 7 लोग घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। जानकारी लगते ही चरगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों तरफ की शिकायत सुनने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए चरगवां भिजवाया, जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।



**चार सालों से चल रहा था विवाद:** गांव में कोमल सिंह लोधी और लक्ष्मण सिंह लोधी का आमने-सामने खेत है। दोनों पक्ष एक ही रास्ते का उपयोग करते हैं। कुछ दिनों पहले कोमल सिंह और लक्ष्मण सिंह सरकारी जमीन को अपना कहते हुए कब्जा करने की तैयारी में जुट गए। विवाद गांव के बुजुर्गों तक पहुंचा, तो दोनों को समझाया गया।

चार साल पहले भी इसी जमीन को लेकर दोनों की लड़ाई हुई थी। सोमवार रात कोमल को जैसे ही पता चला कि जमीन पर लक्ष्मण और उसके परिवार वाले कब्जा कर रहे हैं तो कोमल के साथ उसके परिवार वाले भी खेत पर पहुंच गए। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी।

देखते ही देखते लाठी डंडे और रॉड चलने लगे। दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर जमकर हमला किया। घटना में 7 लोग घायल हुए हैं। जिनका मेडिकल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**घायलों में 3 की हालत गंभीर:** सरकारी जमीन के विवाद में दोनों पक्षों से तीन महिलाएं, तीन पुरुष सहित एक बच्चा घायल हुआ है। चरगवां थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवाद को शांत कराया। इसके बाद घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाते हुए काउंटर FIR दर्ज की है।

एक पक्ष में प्रेमवती बाई पटेल (34), गोविंद पटेल (38), कोमल पटेल (66), सियाबाई पटेल (60) और टेकसिंह पटेल (36) घायल हुए हैं। दूसरे पक्ष से पति लक्ष्मण सिंह पटेल (55) और पत्नी जानकी बाई (45) को चोट आई है। सभी घायलों को इलाज के लिए जबलपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों में 3 की हालत गंभीर है। फिलहाल गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात है।

# भूकंप पूर्व तैयारी के संबंध में 5 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**खंडवा ■ निसं**

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं होमगार्ड के तत्वावधान में 'भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम' का 5 दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड श्री आशीष कुमार कुशवाहा द्वारा भूकंप के पश्चात की जाने वाली कार्यवाही का ओवरव्यू बताया गया। कार्यक्रम में अलीराजपुर से अतिथि व्याख्याता के रूप में आए श्री राजकुमार कटारे, प्लाटून कमांडर होमगार्ड द्वारा खोज एवं बचाव उपरांत राहत परिदृश्य तथा राहत बचाव में विभागवार जिम्मेदारी एवं त्वरित कार्यवाही विषय पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी समाधान किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अगले कालखंड में प्लाटून कमांडर श्री रविन्द्र महिवाल द्वारा आपदा पश्चात चरणबद्ध पुनर्विकास विषय पर अपनी बात रखी। इस अवसर पर उपस्थित वालंटियर्स से सीपीआर के संबंध में हैंड्स ऑन प्रैक्टिस कराई गई। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं राहत शाखा प्रभारी श्री दिनेश सावले ने अपने संबोधन में प्रशिक्षार्थियों से फीडबैक भी लिया तथा सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्री कुशवाहा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन होमगार्ड के सहायक उप निरीक्षक श्री अंकेश सोमानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, नगर निगम, नगर परिषद, जिला पंचायत और जनपद पंचायत के अधिकारी, पुलिस और होमगार्ड के अधिकारी कर्मचारी एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस और नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक भी उपस्थित थे।

# महापौर द्वारा निर्माणाधीन मालवा वाटिका उद्यान का निरीक्षण



**इंदौर ■ निसं**

शहर में हरित क्षेत्र के विस्तार के तहत नगर निगम द्वारा विकसित किए जा रहे मालवा वाटिका उद्यानों का आज महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने झोन क्रमांक 8 के वार्ड 37 (महालक्ष्मी नगर एम.आर.-01) एवं वार्ड 30 (प्रेस क्लब परिसर) में स्थलीय निरीक्षण किया।

महालक्ष्मी नगर एम.आर.-01 में लगभग 70 लाख रुपए एवं वार्ड क्रमांक 30 स्थित प्रेस क्लब परिसर में लगभग 60 लाख रुपए की लागत से विकसित हो रहे इन उद्यानों में 'डैन फॉरेस्ट' अवधारणा के तहत घना वृक्षारोपण किया जा रहा है। महापौर ने बैठक व्यवस्था, पेवर ब्लॉक एवं शेष सिविल कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मालवा वाटिका उद्यान इतने आकर्षक बनाए जा रहे हैं कि अन्य क्षेत्रों के लोग भी इन्हें देखने आएंगे। ये उद्यान केवल सौंदर्यीकरण नहीं, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य व सामाजिक गतिविधियों के केंद्र बनेंगे।

निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से

# 28 मार्च रहेगी आवेदन करने की अंतिम तिथि, 2 अप्रैल को लॉटरी के माध्यम से मिलेगा प्रवेश

**सीहोर ■ निसं**

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आर.टी.ई पोर्टल www.rteportal.mp.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जायेगा।

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। साथ ही सभी जिला कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों को विस्तृत निर्देश भी प्रदान किए गए हैं। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं।

सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन दिनांक 09 मार्च 2026 से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च 2026 के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा।

ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा। 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा। आवेदक ने आर.टी.ई. में निःशुल्क प्रवेश के लिये जिस कैटेगरी/निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा है, तत्तसंबंधी कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जायेगा। लाटरी के पूर्व ही दस्तावेज सत्यापन हो जाने से, आवेदकों को स्कूल आवंटित होने के बाद दस्तावेजों की त्रुटि या अभाव में, एडमिशन निरस्त होने की समस्या उत्पन्न नही होगी। किसी आवेदक को आवेदन करने में कोई दिक्कत हो या उन स्कूलों की जानकारी चाहिए हों, जहां सीटें खाली हैं, तो आर.टी.ई. पोर्टल अथवा सर्व शिक्षा अभियान के ज़िला परियोजना कार्यालय अथवा विकासखण्ड स्रोत केन्द्र या जनशिक्षा केन्द्र कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। आयु के संबंध में, नर्सरी/के.जी.-1/के.जी-2 कक्षाओं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 03 से 04 वर्ष 06 माह एवं कक्षा-1 में प्रवेश के लिये न्यूनतम आयु 06 वर्ष से अधिक से 07 वर्ष 06 माह तक निर्धारित की गई है।

### एसएमएस के माध्यम से मिलेगी जानकारी

ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या या कठिनाई होने की स्थिति में संबंधित विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है। 02 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन लॉटरी द्वारा छात्रों को निजी स्कूलों में सीट का आवंटन किया जायेगा। लॉटरी प्रक्रिया के उपरांत आवंटित सीट की जानकारी, आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर, एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जायेगी। ऑनलाइन लॉटरी की सूची आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेगी।

कलेक्टर कार्यालय में लगा हर्बल कलर, उपले और गेहूं की बाली का स्टॉल

# ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदियों की अनूठी पहल, सुरक्षित होली का संदेश




**इंदौर ■ निसं**

होली पर्व को सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय परिसर में आज हर्बल रंग, उपले और गेहूं की बाली का विशेष स्टॉल लगाया गया। यह स्टॉल ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा संचालित किया गया, जिसमें प्राकृतिक सामग्री से तैयार किए गए हर्बल गुलाल और पूजा सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस केन्द्र को नागरिकों को बेहतर प्रतिसाद मिला।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने स्टॉल का अवलोकन किया तथा स्वयं हर्बल रंग और उपले खरीदकर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि हर्बल रंगों का उपयोग न केवल स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है, बल्कि इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। साथ ही यह ग्रामीण महिलाओं की आजीविका सुदृढ़ करने का एक प्रभावी माध्यम भी है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन भी मौजूद थे।

ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदियों द्वारा शहर के ग्रामीण हाट बाजार में भी ऐसे स्टॉल लगाए गये हैं, जिससे अधिक से अधिक नागरिकों तक सुरक्षित और प्राकृतिक रंगों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर श्री वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाएं, लेकिन रासायनिक रंगों से बचते हुए हर्बल रंगों का उपयोग करें, ताकि स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को अपनाकर हम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी सहयोग कर सकते हैं।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च

## अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे पंजीयन केंद्र

**सीहोर ■ निसं**

रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च है। खाद्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अवकाश के दिनों में भी पंजीयन केंद्र खुले रहेंगे, ताकि सभी पात्र किसान अपना पंजीयन करा सकें।

खाद्य विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान केवल सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में स्थापित पंजीयन केंद्रों पर ही पंजीयन करा सकेंगे। जारी निर्देशानुसार वनाधिकार पट्टाधारी किसानों का वन पट्टा तथा सिकमी/बटाईदार किसानों का सिकमी/बटाई अनुबंध 02 फरवरी 2026 से पूर्व का पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। पंजीयन के दौरान ई-उपार्जन पोर्टल पर मूल भू-स्वामी की सहमति, आधार नंबर एवं अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज की जाएगी। ओटीपी सत्यापन के पश्चात ही पंजीयन मान्य होगा।

पंजीयन केंद्र पर किसानों को आधार कार्ड, आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं सिकमी/बटाई अनुबंध की प्रति साथ लाना आवश्यक होगा। प्रस्तुत दस्तावेजों को ऑपरेटर द्वारा स्कैन कर ई-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इस श्रेणी के किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों एवं सहकारी संस्थाओं को पंजीयन कार्य में सहयोग एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

बदमाशों की लगी पुलिस थाने में क्लास, डोजियर भरवा कर दी शांति भंग न करने की चेतावनी

# आदतन अपराधियों को यलो व रेड नोटिस थमा, दी अब आगे अपराध न करने की हिदायत

**इंदौर ■ निसं**

शहर में अपराधों पर नियंत्रण तथा होली/रंगपंचमी, रमजान आदि त्यौहारों को देखते हुए आदतन अपराधियों व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा दिए गए हैं। जिसके परिपेक्ष्य में नगरीय इंदौर के विभिन्न थाना क्षेत्र में ऐसे सभी बदमाशों व आपराधिक तत्वों को शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पाबंद कर डोजियर भरवाए गए। और सक्रिय बदमाशों के बाउण्ड भराये तथा रेड एवं योलो नोटिस तामील कराए गए।



आदतन आपराधियों को उनके विरूद्ध उचित व कड़ी हिदायत दी गयी कि उनके द्वारा भविष्य में किसी भी प्रकार की शांति भंग या कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने का प्रयास किया जाता है तो उनके विरूद्ध उचित व कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

गुंडे बदमाशों की अपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु यह कार्यवाही सभी थानों में चल रही है और आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# सीहोर की बेटियां और महिलाएं दिखाएँगी अपना दम

**सीहोर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 09 मार्च को प्रातः 10 बजे सीहोर के चर्च ग्राउंड पर माय भारत सीहोर एवं खेल विभाग द्वारा भारत सरकार की 'अस्मिता' पहल के अंतर्गत खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और उन्हें शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से एथलेटिक्स (दौड़) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रतिस्पर्धी दौड़, मनोरंजक गतिविधियाँ, टग ऑफ वार (रस्साकशी) आदि शामिल हैं।

बिजली बिल समाधान योजना की अवधि 31 मार्च तक बढ़ाई गई : ऊर्जा मंत्री तोमर

# 31 मार्च तक एकमुश्त जमा करने पर सरचार्ज में मिलेगी 90 प्रतिशत तक की छूट

**इंदौर ■ निसं**

प्रदेश के ऊर्जामंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय व अंतिम चरण को 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है। पूर्व में यह योजना 28 फरवरी तक लागू थी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 3 नवम्बर को समाधान योजना 2025-26 की शुरुआत हुई थी।

समाधान योजना में तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है। श्री तोमर ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि यदि वे तीन माह से अधिक के बकाएदार हैं और योजना में अभी तक शामिल नहीं हो पाए वे अब 31 मार्च तक योजना में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं।

**21 लाख 67 हजार उपभोक्ताओं ने लिया लाभ:** मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में 28 फरवरी तक 21 लाख 67 हजार बिजली उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ लिया है। कुल 1043 करोड़ 53 लाख रूपये जमा किये गये हैं, जबकि 388 करोड़ 77 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 6 लाख 38 हजार बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 616 करोड़ 42 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 285 करोड़ 39 लाख रूपए का सरचार्ज माफ किया गया है।

इसी तरह पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 8 लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया है। कंपनी के खाते में 222 करोड़ 82 लाख रूपये जमा हुए हैं, जबकि 73 करोड़ 7 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 7 लाख 29 हजार उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया है। कंपनी के खाते में 204 करोड़ 29 लाख रूपये जमा हुए हैं, जबकि 30 करोड़ 31 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है।

## खंडवा को मिला दिव्य सौभाग्य

# तिरुपति बालाजी से खंडवा पहुंच रही भगवान वेंकटेश सहित 20 से अधिक दिव्य मूर्तियां

**खंडवा ■ निसं**

खंडवा जिले के लिए यह एक ऐतिहासिक और सौभाग्यशाली क्षण है की खंडवा के छः गांव माखन में स्थित श्री दिव्य बालाजी नगर कॉलोनी में 81 फीट ऊँची भगवान तिरुपति बालाजी की भव्य प्रतिमा वाले मंदिर में बहुत ही जल्द तिरुपति बालाजी भगवान, लक्ष्मी जी, पद्मावती जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस दिव्य आयोजन के लिए भगवान की सभी पाषाण मूर्तियाँ सीधे तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (ज्ञ्ज्ञष्ठ) द्वारा निर्मित कर बालाजी ग्रुप खंडवा को प्रदान की गई हैं। लंबी प्रतीक्षा के बाद ये सभी मूर्तियाँ आज खंडवा पहुँच चुकी हैं, जिनका कल 5 मार्च को श्री दिव्य बालाजी नगर कॉलोनी में भव्य स्वागत किया जाएगा।

**पद्मावती धाम और श्री दिव्य बालाजी नगर के लिए आई दिव्य मूर्तियाँ:** पद्मावती धाम कॉलोनी में निर्मित पद्मावती मंदिर तथा श्री दिव्य बालाजी नगर कॉलोनी में निर्मित बालाजी भगवान मंदिर के लिए कुल मिलाकर लगभग 20 से अधिक पाषाण मूर्तियाँ इनके बलीपीठ एवं भगवान वेंकटेश, श्री देवी, भूदेवी, चक्र सुदर्शन, विश्वक्षेण जी की पंच



लोह से बनी मूर्तियां खंडवा पहुँची हैं।

जिनमें भगवान वेंकटेश (तिरुपति बालाजी) माता लक्ष्मी, माता पद्मावती, भगवान बालाजी एवं पद्मावती जी के द्वारपाल जय-विजय, चंड - प्रचण्ड,, भगवान गणेश, गरुड़ जी, हनुमान जी सहित भगवान विष्णु के दशावतार की सभी प्रतिमाएँ पाषाण से निर्मित हैं।

**शहर में उत्साह, भक्ति और उल्लास का माहौल:** मूर्तियों के आगमन से दिव्य बालाजी नगर कॉलोनी ही नहीं, बल्कि पूरे खंडवा शहर में उत्साह और उल्लास का वातावरण है। ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो पूरा शहर भगवान के स्वागत में पलक-पांवड़े बिछाए बैठा हो। कल कॉलोनी में मूर्तियों का भव्य स्वागत, एवं दर्शन का आयोजन किया जाएगा।

**अंतिम अवसर:** प्राण-प्रतिष्ठा से पहले दर्शन-बालाजी ग्रुप खंडवा के संस्थापक रितेश गोयल ने समस्त शहरवासियों एवं क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि यह एक दिव्य और दुर्लभ अवसर है। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भगवान के इस रूप में दर्शन संभव नहीं होंगे, इसलिए सभी श्रद्धालु स्थापना से पूर्व भगवान के दर्शन अवश्य करें। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी का भी वितरण किया जाएगा।

**तिरुपति से विधिवत विधान के साथ लाई गईं मूर्तियाँ:** उल्लेखनीय है कि बालाजी ग्रुप खंडवा की पूरी टीम हाल ही में तिरुपति गई थी, जहाँ टीटीडी द्वारा सभी मूर्तियों का विधिवत धार्मिक विधान एवं अनुष्ठान संपन्न कर उन्हें खंडवा के लिए रवाना किया गया।

बालाजी ग्रुप खंडवा के संस्थापक और समाजसेवी कालोनाइजर रितेश गोयल ने बताया कि बहुत शीघ्र प्राण-प्रतिष्ठा की तिथि घोषित की जाएगी, जिसके बाद मंदिर में नियमित दर्शन प्रारंभ होंगे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बालाजी ग्रुप खंडवा समेत पूरा खंडवा बहुत उत्साहित है।

## अनमोल वचन

दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी चाहिए लेकिन बिना कारण किसी को दंड नहीं देना चाहिए।
**रामायण**

शाश्वत शांति की प्राप्ति के लिए शांति की इच्छा नहीं बल्कि आवश्यक है इच्छाओं की शांति।
**स्वामी ज्ञानानंद**

## सम्पादकीय

# अमेरिका और इजराइल पर भारी पड़ा ईरान?

*ईरान पर इजराइल और अमेरिका द्वारा किए गए संयुक्त हमले के तीसरे दिन स्थिति बड़ी विकराल हो गई है। ईरान के सुप्रीमो लीडर खामेनेई की हत्या के बाद ईरान ने जिस तरह का पलटवार किया है, उससे दुनियां हैरान है। एक ही झटके में 13 देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानो पर ईरान ने हमला कर दिया। अमेरिका के सैन्य ठिकाने धू-धू करके जलने लगे। इन हमलों से मध्य पूर्व के इस्लामी देशों में बढ़ता तनाव एक बार फिर वैश्विक राजनीति के केंद्र में आ गया है। ईरान ने अमेरिका और इजराइल के हमले का जवाब जिस तरह से दिया है, उसे देखते हुए अमेरिका और इजराइल भी हतप्रभ होकर रह गए हैं। पहली बार अमेरिका को पश्चिम एशिया के देशों में तनाव बढ़ने से अपने वर्चस्व को बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। ईरान की ओर से दावा किया गया है, उसने जवाबी कार्रवाई में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया। बहरीन स्थित जुफैर बेस और क़तर के अल उदैद एयरबेस जैसे ठिकानों पर किए गए हमले के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए जिनमें भारी नुकसान की तस्वीरें सामने आई हैं। इसके बाद सारी दुनिया में एक नई हलचल देखने को मिली। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने संकेत दिया है। क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकाने उसकी मिसाइलों के निशाने पर हैं। दूसरी ओर, क़तर ने दावा किया, पैट्रियट मिसाइल डिफेंस सिस्टम ने संभावित हमलों को विफल कर बड़े नुकसान को रोका है। ऐसे परस्पर विरोधी दावों के बीच वास्तविक स्थिति का सही अंदाजा लगा पाना कठिन है। यह भी चर्चा है कि खाड़ी क्षेत्र के लगभग 13 देशों में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी है। तनाव बढ़ने पर वह भी अप्रत्यक्ष रूप से इस संघर्ष की चपेट में आ सकते हैं। ईरान ने जो फोटो और वीडियो जारी किए हैं उसके अनुसार 13 देशों के ठिकाने धू-धू करके जल रहे हैं। अभी तक स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा ईरान के दावों को सत्यापित नहीं किया गया है। युद्धकालीन माहौल में सूचनाओं का प्रवाह तेज होता है, परंतु सत्यापन की जानकारी जुटाना बहुत मुश्किल होता है। रणनीतिक दृष्टि से देखें, तो ईरान का मुकाबला दो परमाणु-सक्षम अमेरिका और इजराइल से है। इसके बावजूद तेहरान की त्वरित जवाबी क्षमता ने यह साबित कर दिया है। युद्ध के मैदान में सैन्य संतुलन एकतरफा नहीं है। चार दिन में ईरान इस युद्ध में अमेरिका और इजराइल को बराबरी से जवाब देने में सक्षम है। सवाल यह है, क्या यह टकराव सीमित रहेगा या व्यापक वैश्विक युद्ध के रूप में परिवर्तित हो जाएगा? इस युद्ध की शुरुआत से ही कच्चे तेल की आपूर्ति, समुद्री मार्गों को ईरान द्वारा बाधित किए जाने से वैश्विक बाजारों पर इसका प्रभाव पहले ही चार दिनों में बड़े पैमाने पर दिखने लगा है। विशेषज्ञों का मानना है, सैन्य शक्ति के प्रदर्शन से अधिक महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपाय अपनाने की पहल तुरंत की जानी चाहिए। यदि संवाद के रास्ते नहीं खुले, तो दावों और प्रतिदावों के बीच पूरी दुनिया को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। दुनिया भर के शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। भारत का शेयर बाजार एक तरह से क्रेस हो गया है। खाड़ी देशों में भारत का निर्यात-आयात पिछले चार दिनों से एक तरह से बंद हो गया है। लगभग 90 लाख भारतीय खाडी के देशों में काम करते हैं। इसके अलावा दुबई में भी भारतीयों का भारी निवेश है। ईरान जिस तरह से यूएई को निशाना बना रहा है उसके कारण भारत की आर्थिक सामरिक एवं राजनीतिक स्थिति पर चुनौतियां स्पष्ट रूप से दिखने लगी हैं। अमेरिका ईरान युद्ध शुरू होने के बाद जिस तरह से भारत के शेयर बाजार में निवेशकों को लगभग 8 लाख करोड रुपए का नुकसान 1 दिन में उठाना पड़ा है, वैश्विक व्यवस्था में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में जो रोक लगी है, सारी दुनिया का आयात और निर्यात व्यापार बुरी तरह से प्रभावित हुआ है, इसको लेकर आर्थिक विशेषज्ञों द्वारा यह आशंका जताई जा रही है कि यह युद्ध जल्द बंद नहीं हुआ तो सारी दुनिया के देश आर्थिक मंदी के शिकार हो जाएंगे। इसके साथ-साथ तृतीय विश्व युद्ध जैसी स्थितियां बनते देर नहीं लगेंगी। सबसे बड़ी चिंता का विषय यह है भारत स्वयं एक पार्टी बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजाराइल दौरे के तुरंत बाद ईरान पर हमला किया गया है। भारत की विदेश नीति में अब भारत का झुकाव अमेरिका और इजराइल की तरफ है। ऐसी स्थिति में भारत के ईरान और खाड़ी देशों के साथ बेहतर संबंध होते हुए भी भारत की मध्यस्थ के रूप में कोई भूमिका सामने नहीं आ रही है। उल्टे इस युद्ध में भारत को युद्ध में शामिल नहीं होते हुए भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। खाड़ी के देशों में लगभग 90 लाख से ज्यादा भारतीय नागरिक कार्यरत है उनसे विदेशी मुद्रा भी भारत को मिलती थी अब उनकी जान जोखिम में है। कच्चे तेल और गैस के दामों में जिस तरह की तेजी देखने को मिल रही है, शेयर बाजारों में जिस तरह से गिरावट का दौर देखने को मिल रहा है उससे स्पष्ट हो गया है, इस युद्ध का असर भारत पर सबसे ज्यादा पड़ने वाला है।*

## चिंतन-मनन

### सफलता चाहिए तो पहले ये सीखें

*किसी भी काम में लगन का अपना महत्व होता है, सफलता आपकी एकाग्रता पर ही निर्भर करती है। आप संसार को पाने की दौड़ में हो या परमात्मा को, जब तक हम ध्यान लगाकर काम नहीं करेंगे कभी ठीक परिणाम नहीं मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप पहले अपने मन को एकाग्र करें, फिर सफलता खुद आपको मिल जाएगी। एक बार की बात है। राजा एक बार युद्ध पर गया। शाम के समय युद्ध के बाद राजा अपने युद्ध के बाद शिविर से थोड़ी दूर जाकर एक वीरान स्थान पर ध्यान लगाकर बैठ गया ताकि उसे थोड़ी शांति मिल सके। अभी राजा नदी के किनारे पर बस ध्यान की मुद्रा में बैठा ही था। वहां से एक युवती दौड़ती हुई निकली, जिसका ध्यान उस ओर तक ना गया कि राजा बैठा है। ना जाने कहां जाने की जल्दी थी। वह राजा से टकराती हुई निकल गई। राजा का ध्यान भंग हो गया उसे बहुत गुस्सा आया। उसने तुरंत शिविर में लौटकर आदेश दिया। उस औरत को ढूंढ कर लाया जाए जिसने ये गुस्ताखी की है। उस युवती को इतना भी नहीं दिखा कि देश का राजा ध्यान में बैठा है और वह उसे कुचलती हुई चली जा रही है। सिपाही गए और थोड़ी ही देर में उस युवती को पकड़कर ले आए। राजा ने उस युवती से कहा- बदतमीज लड़की इतना भी नहीं जानती कि ध्यान में बैठे हुए व्यक्ति को इस तरह धक्का लगाकर उसका ध्यान भंग करना कितना बड़ा पाप है। उस युवती ने राजा को पहले ऊपर से नीचे तक देखा और कहा - आपको धक्का लगा जरूर होगा लेकिन मुझे याद नहीं। मैं अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी। मुझे कुछ नहीं पता कि आप कहां ध्यान लगा रहे थे लेकिन मुझे आश्चर्य होता है कि मैं तो अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी। मेरा ध्यान सिर्फ अपने प्रेमी से मिलने पर केंद्रित था। मुझे पता ही नहीं चला कि आप परमात्मा के ध्यान में बैठे हैं। आपको मेरा पता चल गया? राजा को उसकी बात समझ आ गई और उसने उसे छोड़ दिया। क्योंकि यह साबित हो गया थी कि राजा के मन में वह समर्पण का भाव नहीं था जो उस प्रेमिका में था। उसके प्रेम में वह तीव्रता और वलंतता थी जिसने राजा को सोचने पर मजबूर कर दिया।*

# सुरक्षित जीवन सुरक्षित राष्ट्र का सामूहिक संकल्प



**कांतिलाल मांडोत**

*इसी दिन वर्ष 1966 में नेशनल सेफ्टी काउंसिल की स्थापना की गई थी। वर्ष 1972 से इस दिवस को संगठित रूप में मनाया जाने लगा और तब से यह 4 मार्च से 10 मार्च तक राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के रूप में निरंतर आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य कार्यस्थलों सड़कों घरों और सार्वजनिक स्थानों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना तथा सुरक्षा स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है।*

भारत में प्रत्येक वर्ष 4 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस केवल एक तिथि नहीं बल्कि जागरूकता जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का प्रतीक है। इसी दिन वर्ष 1966 में नेशनल सेफ्टी काउंसिल की स्थापना की गई थी। वर्ष 1972 से इस दिवस को संगठित रूप में मनाया जाने लगा और तब से यह 4 मार्च से 10 मार्च तक राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के रूप में निरंतर आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य कार्यस्थलों सड़कों घरों और सार्वजनिक स्थानों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना तथा सुरक्षा स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है।

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का इतिहास उस दौर से जुड़ा है जब देश में औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा था और इसके साथ दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ रही थी। श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की गई और एक ऐसी संस्था की आवश्यकता महसूस हुई जो सुरक्षा प्रशिक्षण जागरूकता और मार्गदर्शन का कार्य कर सके। इसी सोच के परिणामस्वरूप राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना की गई। परिषद ने यह संकल्प लिया कि उद्योगों के साथ साथ समाज के प्रत्येक वर्ग तक सुरक्षा का संदेश पहुंचाया जाएगा। कुछ वर्षों बाद इस स्थापना दिवस को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया ताकि सुरक्षा का संदेश व्यापक स्तर पर फैल सके।

इस दिवस का मूल उद्देश्य लोगों में सुरक्षा के प्रति सजगता उत्पन्न करना है। कार्यस्थल पर छोटी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। यदि श्रमिक उचित सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग न करें या प्रबंधन आवश्यक सावधानियां न बरते तो परिणाम दुखद हो सकते हैं। इसलिए यह दिवस नियोक्ताओं और कर्मचारियों दोनों को उनकी जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है। सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं बल्कि एक सकारात्मक कार्य संस्कृति का निर्माण है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति स्वयं को और दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध हो।

राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न उद्योगों विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सुरक्षा शपथ दिलाई जाती है प्रशिक्षण सत्र आयोजित होते हैं और जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं बल्कि व्यवहार में परिवर्तन लाना है। जब व्यक्ति स्वयं यह समझने लगता है कि उसकी सावधानी किसी का जीवन बचा सकती है तब सुरक्षा संस्कृति मजबूत होती है।

प्रत्येक वर्ष इस दिवस के लिए एक विषय निर्धारित किया जाता है। वर्ष 2025 का विषय विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण था। यह विषय स्पष्ट करता है कि राष्ट्र का विकास तभी संभव है जब उसके नागरिक सुरक्षित हों। आर्थिक प्रगति औद्योगिक विस्तार और सामाजिक उन्नति का कोई अर्थ नहीं यदि मानव जीवन असुरक्षित हो। इसलिए सुरक्षा को विकास की आधारशिला माना जाना चाहिए।

सड़क सुरक्षा भी राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की भावना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रतिदिन होने वाली दुर्घटनाएं हमें यह सोचने पर मजबूर करती हैं कि क्या हम सच में सावधान हैं। वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना सीट बेल्ट लगाना गति सीमा का ध्यान रखना और नशे की अवस्था में वाहन न चलाना जैसे सरल उपाय अनेक जीवन बचा सकते हैं। जब हम स्वयं नियमों का पालन करते हैं और दूसरों को भी प्रेरित करते हैं तभी सच्चे अर्थों में सुरक्षा के प्रति समर्पण दिखाई देता है।

स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में आपातकालीन सेवाओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिकीजा हैल्थकेयर लिमिटेड ने विभिन्न राज्यों में एक सौ आठ एम्बुलेंस सेवाओं के माध्यम से लाखों लोगों को समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान की है। राजस्थान सहित पंजाब मध्य प्रदेश ओडिशा झारखंड और सिक्किम में इन सेवाओं ने अनगिनत जीवन बचाए हैं। कठिन परिस्थितियों और महामारी के समय भी इन सेवाओं ने निरंतर कार्य कर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सिद्ध की है। यह उदाहरण बताता है कि सुरक्षा केवल जागरूकता तक सीमित नहीं बल्कि सेवा और समर्पण से जुड़ी हुई है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के प्रति हमारा समर्पण कैसा होना चाहिए ,यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण है। समर्पण का अर्थ केवल एक दिन कार्यक्रम में भाग लेना नहीं बल्कि वर्ष भर सावधानी और जिम्मेदारी निभाना है। हमें अपने घर से ही सुरक्षा की शुरुआत करनी चाहिए। रसोई गैस की नियमित जांच करना विद्युत उपकरणों का सही उपयोग करना बच्चों को आग और सड़क से संबंधित सावधानियां सिखाना और पर्यावरण की रक्षा करना हमारे दैनिक जीवन के छोटे लेकिन महत्वपूर्ण कदम हैं। कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन करना और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना हमारे समर्पण का प्रमाण है। सुरक्षा के प्रति समर्पण भाव का संबंध मानवीय संवेदनाओं से भी है। जब हम यह समझते हैं कि हमारी लापरवाही से किसी परिवार का भविष्य प्रभावित हो सकता है तब हम अधिक सजग हो जाते हैं। सुरक्षा को आदत बनाना ही इस दिवस का वास्तविक संदेश है। यदि प्रत्येक नागरिक स्वयं को जिम्मेदार माने और सतर्क व्यवहार अपनाए तो दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

विद्यालयों में बच्चों को प्रारंभ से ही सुरक्षा के महत्व के बारे में शिक्षा दी जानी चाहिए। नई पीढ़ी यदि सुरक्षा संस्कृति को अपनाएगी तो भविष्य अधिक सुरक्षित होगा। उद्योगों में नियमित प्रशिक्षण और सुरक्षा अभ्यास कर्मचारियों को सक्षम बनाते हैं। समाज में जागरूकता अभियान लोगों को यह संदेश देते हैं कि सुरक्षा बोझ नहीं बल्कि जीवन रक्षा का माध्यम है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद एक गैर लाभकारी संस्था के रूप में आधी सदी से अधिक समय से कार्य कर रही है। इसका उद्देश्य सुरक्षा प्रशिक्षण को सभी के लिए सुलभ बनाना और समाज में सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करना है। इस संस्था द्वारा प्रारंभ किया गया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस आज एक व्यापक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। यह हमें वर्ष में एक बार रुककर यह सोचने का अवसर देता है कि हमने सुरक्षा के क्षेत्र में क्या प्रगति की और आगे क्या करना शेष है।

अंततः राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि सुरक्षित जीवन ही सशक्त राष्ट्र की पहचान है। विकास और सुरक्षा साथ साथ चलें तभी राष्ट्र समृद्ध और स्थिर बन सकता है। हमें इस दिवस को औपचारिकता न मानकर जीवन का संकल्प बनाना चाहिए। जब प्रत्येक व्यक्ति सुरक्षा के प्रति समर्पित होगा तभी एक ऐसा भारत निर्मित होगा जहां प्रत्येक नागरिक निडर होकर जीवन जी सके। यही राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का वास्तविक उद्देश्य है और यही हमारे सच्चे समर्पण की अभिव्यक्ति भी है।

**( वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार स्तम्भकार )**

# कहने में कम, करने में आगे: रणबीर सिंह गंगवा



**डॉ. प्रियंका सौरभ**

*लोक निर्माण विभाग और सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री के रूप में उनका फोकस साफ है—बेहतर सड़कें, स्वच्छ पेयजल और पारदर्शी व्यवस्था। वे मानते हैं कि मजबूत गांव ही मजबूत हरियाणा की नींव हैं। इसी सोच के साथ वे सड़कों के विस्तार, जलापूर्ति और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दे रहे हैं। सादगी, स्वच्छ छवि और जमीनी जुड़ाव उनकी सबसे बड़ी ताकत है। पिछड़े वर्गों, किसानों और गरीबों की आवाज़ बनकर रणबीर गंगवा ने साबित किया है कि राजनीति अगर ईमानदारी और सेवा भाव से की जाए, तो बदलाव ज़मीनी स्तर पर दिखता है।*

जो गांव से चला, गांव के लिए जिया - जनता का नेता, ज़मीन से जुड़ा व्यक्तित्व, गांव, किसान और गरीब की सच्ची आवाज़ रणबीर सिंह गंगवा हरियाणा की राजनीति में एक ऐसे नेता हैं, जिनकी पहचान शोर से नहीं, काम से बनी है। गांव की मिट्टी से उठकर उन्होंने जनसेवा को अपना मूल मंत्र बनाया। जिला परिषद से लेकर कैबिनेट मंत्री तक का उनका सफर निरंतर संघर्ष, संगठनात्मक निष्ठा और जनविश्वास की कहानी है। लोक निर्माण विभाग और सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री के रूप में उनका फोकस साफ है-बेहतर सड़कें, स्वच्छ पेयजल और पारदर्शी व्यवस्था। वे मानते हैं कि मजबूत गांव ही मजबूत हरियाणा की नींव हैं। इसी सोच के साथ वे सड़कों के विस्तार, जलापूर्ति और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दे रहे हैं। सादगी, स्वच्छ छवि और जमीनी जुड़ाव उनकी सबसे बड़ी ताकत है। पिछड़े वर्गों, किसानों और गरीबों की आवाज़ बनकर रणबीर गंगवा ने साबित किया है कि राजनीति अगर ईमानदारी और सेवा भाव से की जाए, तो बदलाव ज़मीनी स्तर पर दिखता है

रणबीर सिंह गंगवा हरियाणा की राजनीति में उन चुनिंदा नेताओं में गिने जाते हैं, जिन्होंने ग्रामीण पृष्ठभूमि से उठकर निरंतर संघर्ष, संगठनात्मक निष्ठा और जनसेवा के बल पर कैबिनेट मंत्री तक का सफर तय किया। वे आज हरियाणा सरकार में लोक निर्माण विभाग तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कैबिनेट मंत्री हैं और नायब सिंह सैनी मंत्रिमंडल में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनका जीवन पिछड़े वर्गों, किसानों और ग्रामीण समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

रणबीर सिंह गंगवा का जन्म 4 मार्च 1964 को हरियाणा के हिसार जिले के गंगवा गांव में कुम्हार (प्रजापति) परिवार में हुआ। उनके पिता राजाराम और माता केसर देवी साधारण ग्रामीण जीवन से जुड़े थे। सीमित संसाधनों के बीच पले-बढ़े गंगवा ने उच्च माध्यमिक शिक्षा प्राप्त की और प्रारंभ से ही सामाजिक कार्यों में रुचि दिखाई। ग्रामीण परिवेश में रहते हुए उन्होंने किसानों, मजदूरों और पिछड़े वर्गों की समस्याओं को नज़दीक से समझा, जिसने आगे चलकर उनकी राजनीति की दिशा तय की।

उनका पहला औपचारिक चुनाव जिला परिषद का था। वर्ष 2000 में उन्होंने हिसार जिला परिषद का चुनाव लड़ा, जहां उन्हें प्रारंभिक पराजय का सामना करना पड़ा। लेकिन इस हार ने उन्हें और मजबूत बनाया। 2005 में वे दोबारा चुनाव जीतकर जिला परिषद सदस्य बने और बाद में उपाध्यक्ष पद तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण सड़कों, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। यही कालखंड उनके राजनीतिक जीवन की मजबूत नींव बना।

2009 में उन्होंने नलवा विधानसभा क्षेत्र से इंडियन नेशनल लोकदल के टिकट पर चुनाव लड़ा। इस चुनाव में उन्हें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संपत सिंह से हार का सामना करना पड़ा, किंतु उनका राजनीतिक प्रभाव बना रहा। 2010 में उन्हें इंडियन नेशनल लोकदल की ओर से राज्यसभा भेजा गया। राज्यसभा सदस्य के रूप में उन्होंने हरियाणा के ग्रामीण और पिछड़े वर्गों से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया और अपनी सक्रियता से पहचान बनाई।

2014 में वे नलवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। इस चुनाव में उन्होंने संपत सिंह और पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन जैसे दिग्गज नेताओं को पराजित किया। विधायक के रूप में उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी और जनता से निरंतर संवाद बनाए रखा।

2019 में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा और नलवा से पुनः जीत दर्ज की। विधानसभा में उन्हें उपाध्यक्ष (डिप्टी स्पीकर) की जिम्मेदारी सौंपी गई, जहां उन्होंने सदन की कार्यवाही को सुचारू और मर्यादित ढंग से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें बरवाला विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया। यह राजनीतिक रूप से एक नई चुनौती थी, लेकिन रणबीर गंगवा ने इसे अवसर में बदल दिया। उन्होंने बरवाला से ऐतिहासिक जीत दर्ज कर पहली बार वहां भाजपा को विजय दिलाई। इसी जीत के बाद उन्हें नायब सैनी मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल किया गया। लगभग 34 वर्षों के राजनीतिक संघर्ष का यह महत्वपूर्ण पड़ाव था।

कैबिनेट मंत्री बनने के बाद रणबीर गंगवा को लोक निर्माण विभाग और सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य विभाग को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। हरियाणा में लगभग 30,664 किलोमीटर लंबी सड़कों का नेटवर्क पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आता है। वर्ष 2025-26 के लिए 6,500 किलोमीटर सड़कों की नई कार्पेटिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गुणवत्ता सुनिश्चित करने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निगरानी प्रणाली लागू की गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तहत उनका फोकस ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति, पाइपलाइन विस्तार और जल संरक्षण योजनाओं पर है। हरियाणा स्वर्ण जयंती महाग्राम योजना के माध्यम से गांवों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। उनका मानना है कि मजबूत गांव ही मजबूत हरियाणा की नींव हैं। रणबीर गंगवा को पिछड़े वर्गों का सशक्त प्रतिनिधि माना जाता है। प्रजापति समाज में उनकी विशेष पकड़ है और वे ओबीसी समुदाय की आवाज़ उठाने के लिए जाने जाते हैं।

## हर्षोल्लास, उमंग और रंगों का पर्व है होली

***संजय गोस्वामी***

*फागुन आते ही चहुं ओर 'होली' के रंग दिखाई देने लगते हैं, जगह-जगह 'होली' मिलन समारोहों का आयोजन होने लगता है। 'होली' हर्षोल्लास, उमंग और रंगों का पर्व है, यह पर्व फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है, इससे एक दिन पूर्व 'होलिका' जलाई जाती है, जिसे 'होलिका' दहन भी कहा जाता है। दूसरे दिन रंग खेला जाता है, जिसे धुलेंडी, धुरखेल तथा धूलिवंदन कहा जाता है। लोग एक-दूसरे को रंग, अबीर-गुलाल लगाते हैं। रंग में भरे लोगों की टोलियां नाचती-गाती गांव-शहर में घूमती रहती हैं। ढोल बजाते और 'होली' के गीत गाते लोग मार्ग में आते-जाते लोगों को रंग लगाते हुए 'होली' को हर्षोल्लास से खेलते हैं, विदेशी लोग भी होली खेलते हैं, सांध्य काल में लोग एक-दूसरे के घर जाते हैं और मिष्ठान बांटते हैं। पुरातन धार्मिक पुस्तकों में 'होली' का वर्णन अनेक मिलता है। नारद पुराण और भविष्य पुराण जैसे पुराणों की प्राचीन हस्तलिपियों और ग्रंथों में भी इस पर्व का उल्लेख है। विंध्य क्षेत्र के रामगढ़ स्थान पर स्थित ईसा से तीन सौ वर्ष पुराने एक अभिलेख में भी 'होली' का उल्लेख किया गया है। 'होली' के पर्व को लेकर अनेक कथाएं प्रचलित हैं, सबसे प्रसिद्ध कथा विष्णु भक्त प्रह्लाद की है। माना जाता है कि प्राचीन काल में हिरण्यकश्यप नाम का एक अत्यंत बलशाली असुर था, वह स्वयं को भगवान मानने लगा था, उसने अपने राज्य में भगवान का नाम लेने पर प्रतिबंध लगा दिया था, जो कोई भगवान का नाम लेता, उसे दंडित किया जाता था। हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का भक्त था। प्रह्लाद की प्रभु भक्ति से क्रुद्ध होकर हिरण्यकश्यप ने उसे अनेक कठोर दंड दिए, परंतु उसने भक्ति के मार्ग का त्याग नहीं किया। हिरण्यकश्यप की बहन 'होलिका' को वरदान प्राप्त था कि वह अग्नि में भस्म नहीं हो सकती। हिरण्यकश्यप ने आदेश दिया कि होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि कुंड में बैठे। अग्नि कुंड में बैठने पर 'होलिका' तो जल गई, परंतु प्रह्लाद बच गया। भक्त प्रह्लाद की स्मृति में इस दिन 'होलिका' जलाई जाती है, इसके अतिरिक्त यह पर्व राक्षसी ढुंढी, राधा कृष्ण के रास और कामदेव के पुनर्जन्म से भी संबंधित है। कुछ लोगों का मानना है कि होली में रंग लगाकर, नाच-गाकर लोग शिव के गणों का वेश धारण करते हैं तथा शिव की बारात का दृश्य बनाते हैं। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि भगवान श्रीकृष्ण ने इस दिन पूतना नामक राक्षसी का वध किया था, इससे प्रसन्न होकर गोपियों और ग्वालों ने रंग खेला था। देश में होली का पर्व विभिन्न प्रकार से मनाया जाता है। ब्रज की होली मुख्य आकर्षण का केंद्र है। बरसाने की लठमार होली भी प्रसिद्ध है, इसमें पुरुष महिलाओं पर रंग डालते हैं और महिलाएं उन्हें लाठियों तथा कपड़े के बनाए गए कोड़ों से मारती हैं। मथुरा का प्रसिद्ध 40 दिवसीय होली उत्सव वसंत पंचमी से ही प्रारंभ हो जाता है, श्री राधा रानी को गुलाल अर्पित कर होली उत्सव शुरू करने की अनुमति मांगी जाती है, इसी के साथ ही पूरे ब्रज पर फाग का रंग छाने लगता है। वृंदावन के शाहजी मंदिर में प्रसिद्ध वसंती कमरे में श्रीजी के दर्शन किए जाते हैं, यह कमरा वर्ष में केवल दो दिन के लिए खुलता है। मथुरा के अलावा बरसाना, नंदगांव, वृंदावन आदि सभी मंदिरों में भगवान और भक्त पीले रंग में रंग जाते हैं। ब्रह्मर्षि दुर्वासा की पूजा की जाती है। हिमाचल प्रदेश के कुलू में भी वसंत पंचमी से ही लोग 'होली' खेलना प्रारंभ कर देते हैं। कुलू के रघुनाथपुर मंदिर में सबसे पहले वसंत पंचमी के दिन भगवान रघुनाथ पर गुलाल चढ़ाया जाता है, फिर भक्तों की 'होली' शुरू हो जाती है। लोगों का मानना है कि रामायण काल में हनुमान ने इसी स्थान पर भरत से भेंट की थी। कुमाऊं में शास्त्रीय संगीत की गोष्ठियां आयोजित की जाती हैं। बिहार का फगुआ प्रसिद्ध है। हरियाणा की 'धुलंडी' में भाभी पल्लू में ईंटें बांधकर देवरों को मारती हैं। पश्चिम बंगाल में 'दोल जात्रा' निकाली जाती है, यह पर्व चैतन्य महाप्रभु के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। शोभायात्रा निकाली जाती है। महाराष्ट्र की 'रंग पंचमी' में सूखा गुलाल खेला जाता है।*

## खास बात

### राजनीतिक दबाव में अदालतें,सरकार के सिर ठीकरा

सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने स्वीकार किया है। कथित गौरक्षकों, अवैध गतिविधियों, भीड़ की हिंसा,हेट स्पीच रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने जो दिशा निर्देश जारी किए थे। उसकी निगरानी करना न्यायालय के लिए संभव नहीं रह गया है। सुप्रीम कोर्ट,अब ठीकरा राज्य और केंद्र सरकारों पर फोड़ना चाहती है। हाल ही में एक याचिका दायर हुई। उस पर सुप्रीम कोर्ट ने कह दिया सूक्ष्म निगरानी करना अदालतों के लिए संभव नहीं है। जब अदालतें पल्ला झाड़ने लगेगी, तो जनता को न्याय पाने के लिए खुद सड़कों उतरना पड़ेगा? अब यह चर्चा होने लगी है।

### एआई में भारत पिछलग्गु

सारी दुनिया में एआई को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। बड़े-बड़े आविष्कार सामने आ चुके हैं। इसमें भारत की कोई उपलब्धि नहीं है। रही सही कैसर चीनी कुत्ते ने पूरी कर दी। भारत ढोल बजाते हुए एआई तकनीकी के बने उपकरण, रक्षा सामग्री मशीन तथा जरूरत की वह हर चीज खरीदने तैयार खड़ा है। आईटी सेक्टर में भारत ने सारी दुनिया में परचम लहराया था। एआई के सामने वह पूरी तरह से झुक गया है। आईटी सेक्टर की कंपनियां लगातार घाटे में जा रही हैं।अब भारत के पैशेवर,एआई तकनीकी के गुलाम बनकर रह जाएगें।मनमानी कीमत एआई तकनीकी के लिए भारत को खर्च करना पड़ेगी। अभी तक जो कमाया था,वह अब खर्च करना पड़ेगा।

### यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी या आतंकवादी?

यूथ कांग्रेस के कुछ पदाधिकारियों ने एआई समिट में शर्टलेस शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन के बाद दिल्ली पुलिस उन्हें पकड़कर ले गई थी। दिल्ली पुलिस इस तरह से छानबीन कर रही है, जैसे वह आतंकवादी हों। न्यायालय ने 5 दिन की रिमांड पर कांग्रेस पदाधिकारियों को पुलिस को सौंप दिया है। दिल्ली पुलिस कई राज्यों में जाकर उनके परिवारों से पूछताछ कर रही है। इसके जरिए राहुल गांधी पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है।जिस तरह से ईडी मनी लांड्रिंग के तार जोड़ती है। ठीक वैसे ही अपराध के तार दिल्ली पुलिस जोड़ रही है। सरकार को गिराने की कोशिश करेंगे तो यही सब कुछ होगा।

### केरल का नाम अब केरलम

सरकार जो करना चाहती है। वह कर लेती है। सरकारी कामकाज में नियम कायदे कानून नैतिकता अनैतिकता का कोई प्रश्न नहीं उठता है। हाल ही में केंद्र सरकार ने केरल का नाम बदलकर केरलम कर दिया है। इसका प्रस्ताव केरल सरकार से नहीं आया था। नाही इस बात की कोई चर्चा थी। कुछ महीनो में केरल विधानसभा के चुनाव होने हैं। केंद्र सरकार ने नाम बदलकर साबित कर दिया है। मोदी सरकार जो चाहे वह कर सकती है। इसी को कहते हैं, समरथ को नहीं दोष गुसाई। नियम- कानून,नैतिकता- अनैतिकता कमजोर लोगों के लिए होते हैं।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, चैत्र कृष्ण पक्ष, शिशिर ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोद्रय पश्चिमे तिथि, प्रतिपदा, बुधवार, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्रे, घृत योगे, कौलव करणे, सुबह सिंह की चंद्रमा दोपहर बाद कन्या की चंद्रमा, होली धुरेडी, स्वर्ण स्पर्श, बसंत उत्सव, आम्रकुशम,रवि 54/06 तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल:** आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, कर्मशील, शासक-प्रशासक, धनी-मानी, पुरुषार्थी, स्वतः कर्मशील होगा।

**मेष राशि**- प्रत्येक कार्य में बाधा, विलम्ब कष्टप्रद होगा, थकावट व बेचैनी बनेगी।

**वृष राशि**- कुटुम्ब की समस्याओं में समय बीतेगा, धन का व्यय, चिन्ता बढ़ जायेगी।

**मिथुन राशि**- स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास, प्रेम-प्रसंग सफलता से कार्य अनुकूल अवश्य होंगे।

**कर्क राशि**- आर्थिक योजना पूर्ण होगी, भाग्य का सितारा प्रबल होगा, रुके कार्य बनेंगे।

**सिंह राशि**- भाग्य की प्रबलता का लाभ लें, रुके कार्य समय पर पूर्ण करने का प्रयास करें।

**कन्या राशि**- मान-प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि, नवीन योजना फलप्रद होगी, कार्य पर ध्यान दें।

**तुला राशि**- मनोबल उत्साहवर्धक होगा, कार्यगति में सुधार होगा, विरोधी पराजित होंगे।

**वृश्चिक राशि**- लेन-देन के कार्य में हानि होगी, विरोधी तत्वों से परेशानी अवश्य बनेगी।

**धनु राशि**- दैनिक सफलता के साधन सम्पन्न होंगे, स्वभाव में क्रोध व अशांति होगी।

**मकर राशि**- दैनिक सम्पन्नता के साधन जुटायेंगे, आलस्य, प्रमाद से हानि होगी।


**कुंभ राशि**- बिगड़े हुये कार्य बनेंगे, योजनायें फलीभूत होंगी, रुके कार्य बनेंगे।

**मीन राशि**- स्त्री वर्ग से चिन्तायें कम होंगी, विशेष कार्य स्थगित रखें, समय का ध्यान रखें।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**4 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.55 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मेष | 08.26 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.06 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.04 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.18 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.34 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.46 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.56 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.11 ब.से |
| **राहुकाल** 12.00 से 1.30 बजे तक | | धनु | 01.27 बजे से |
| | | मकर | 03.32 बजे से |
| | | कुंभ | 05.19 बजे से |

**बुधवार** 2026 वर्ष का 63 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** प्रतिपदा 16.49 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 07.39 बजे को समाप्त। **योग** धृति 08.53 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 16.49 बजे तदनन्तर तैतिल 04.53 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 14.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 06° 31' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872638 **जूलियन दिन** 2461103.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रमजान **तारीख** 14 **विशेष** होली, स्नानदान पूर्णिमा, चंद्रग्रहण।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# रंगों का उत्सव: नपा अध्यक्ष नीतू यादव और सीएमओ माहेश्वरी पटले ने नगरवासियों को दी होली की बधाई

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी (ष्टरूह्र) माहेश्वरी पटले ने समस्त नगरवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने इस त्योहार को प्रेम, सदभाव और आपसी भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया है।



**भाईचारे और समरसता का संदेश**

अध्यक्ष नीतू यादव ने कहा कि होली का त्योहार हमें पुराने गिले-शिकवे भुलाकर समाज में आपसी एकता और वैचारिक शुद्धता लाने की प्रेरणा देता है। यह पर्व केवल रंगों का मेल नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मकता और समरसता का प्रतीक है। वहीं, सीएमओ माहेश्वरी पटले ने नगरवासियों के सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी से शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से उत्सव मनाने की अपील की है।

**स्वच्छता और पर्यावरण का संकल्प**

नगर पालिका प्रशासन ने इस बार 'स्वच्छ होली-स्वस्थ होली' के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया है:

**सुरक्षित होली:** नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे हानिकारक रसायनों और पक्के रंगों के स्थान पर केवल प्राकृतिक गुलाल (हर्बल गुलाल) का ही उपयोग करें, ताकि स्वास्थ्य और त्वचा सुरक्षित रहे। साथ ही, जल की महत्ता को समझते हुए सीमित पानी के उपयोग के साथ सूखी होली खेलने का आह्वान किया गया है।

**स्वच्छता की अपील:** नपा अध्यक्ष ने कहा त्योहार की खुशी में हम अपने शहर की साफ एवं स्वच्छ छवि को बनाए रखें।

**नगर पालिका की विशेष व्यवस्थाएँ**

● त्योहार के दौरान नगर में निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

● विशेष रूप से बुधवार को नागरिकों की सुविधा के लिए सुबह, दोपहर और शाम, तीनों समय जलापूर्ति की जाएगी।

'होली का यह पावन पर्व आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार करे। आइए, हम सब मिलकर एक सुरक्षित, स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण में इस उत्सव का आनंद लें।'

– नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव एवं सीएमओ माहेश्वरी पटले

## होली की पूर्व संध्या पर पुलिस ने निकाला मार्चपास्ट



**माखननगर।** होली के पावन पर्व व रमजान शरीफ के चलते ऐतिहातन पुलिस ने होली की पूर्व संध्या पर सोमवार को नगर में मार्चपास्ट निकाला और होलिका दहन समितियों के सदस्यों से भी मिले और उन्हें आवश्यक निर्देश भी दिये। इस अवसर पर सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान व थाना प्रभारी अनूप उईके सहित पूरा थाना स्टाफ मौजूद रहा। नायब तहसील अंकित मोर्य भी थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नर्मदापुरम में शराब को लेकर दो परिवारों में मारपीट: 8 आरोपी जेल भेजे गए

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के कोठी बाजार शक्ति माता मंदिर के पास सोमवार को कथित तौर पर अवैध शराब बेचने वाले सुरेंद्र लुटारे और शिवा कटारिया के परिवार के बीच जमकर झगड़ा हुआ। सुरेंद्र, उसके दोनों बेटे और दो अन्य युवकों ने लात घुसे और डंडे से मारपीट की। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना टीआई कंचन सिंह ठाकुर टीम के साथ मौके पर पहुंची। मामले को शांत कराया। फिर मारपीट करने वालों को पुलिस थाने ले गई। जहां दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गालियां देने और मारपीट के आरोप लगाएं। देर रात को पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से काउंटर केस दर्ज किया। साथ ही दोनों पक्ष के सभी 8 आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धारा 151 की कार्रवाई भी की। मंगलवार को आरोपी सुरेन्द्र लुटारे, आयुष लुटारे, आर्यन लुटारे, साथी इंद्रजीत केवट और स्वयं बस्तरवार और दूसरे पक्ष के शिवा कटारिया, आकाश कटारिया, पंकज कटारिया को तहसीलदार सरिता मालवीय के समक्ष पेश किया। तहसीलदार ने सभी 8 आरोपियों को जेल भेजने के आदेश दिए। इधर एक पक्ष शिवा कटारिया की पत्नी कोतवाली थाने पहुंची। उसने पुलिस द्वारा घर से निकालकर लाई सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर वापस मांगी। डीवीआर के लिए डेढ़-दो घंटे वो थाने में बैठी रही। जिसे शाम को डीवीआर वापस दिया। कोतवाली थाना टीआई कंचन सिंह ठाकुर ने बताया शिवा कटारिया और सुरेंद्र लुटारे व उनके बेटों के बीच झगड़ा है। काउंटर केस दर्ज किया। झगड़े की स्थिति को देखने के लिए सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर लेकर आए थे, जिसे वापस कर दिया है। 15 अक्टूबर 2025 को कोतवाली पुलिस ने सुरेंद्र लुटारे के घर से शराब का जखीरा पकड़ा था। 196.99 लीटर शराब जब्त की गई थी। मामले में सुरेंद्र और उसके बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जुलूस निकालकर जेल भेजा था। कुछ महीने पहले ही दोनों बाप बेटे जेल से बाहर आए।

## रिवर व्यू कॉलोनी में उमड़ा आस्था और आत्मीयता का सैलाब

# रंग-गुलाल और नृत्य के साथ मनाया गया होली मिलन

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



नर्मदापुरम शहर के मालाखेड़ी स्थित रिवर व्यू कॉलोनी में होली का पावन पर्व केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आपसी प्रेम और एकजुटता की मिसाल बन गया। प्रतिवर्ष की परंपरा को जीवंत रखते हुए इस वर्ष भी कॉलोनी के रहवासियों ने सामूहिक रूप से होलिका का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और सुख-समृद्धि की कामना की।

**एक परिवार, एक उत्सव:** जैसे ही होलिका दहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ, पूरी कॉलोनी रंगों के सरोबार में डूब गई। पदाधिकारियों और रहवासियों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर पर्व की बधाई दी। इस आयोजन की सबसे खास बात यहाँ का पारिवारिक माहौल रहा, जहाँ उम्र की सीमाएं टूट गईं और हर कोई त्यौहार के आनंद में डूबा नज़र आया।

**डीजे की धुन पर थिरकी कॉलोनी:** उत्सव का उत्साह तब और बढ़ गया जब डीजे और बाजों की धुन पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हुआ।

■ नारी शक्ति का प्रदर्शन कॉलोनी की महिलाओं ने पारंपरिक और बॉलीवुड गीतों पर शानदार समूह नृत्य कर समां बांध दिया।

■ बच्चों की प्रतिभा नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी डांस कला से उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

■ पुरुषों की सहभागिता कॉलोनी के पुरुषों ने भी ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया और खुशियाँ साझा कीं।

**परंपरा और आधुनिकता का संगम:** कॉलोनी के पदाधिकारियों के अनुसार, यह वार्षिक आयोजन नई पीढ़ी को हमारी संस्कृति से जोड़ने का एक माध्यम है। रिवर व्यू कॉलोनी का यह 'होली मिलन समारोह' न केवल मनोरंजन का केंद्र रहा, बल्कि इसने समाज में सदभाव और भाईचारे का एक अनुकरणीय संदेश भी दिया।

## सारिका घारू की अनूठी पहल

### टेलिस्कोप के जरिए लोगों ने निहारा 'ब्लड मून' का अद्भुत नजारा



नर्मदापुरम। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने मंगलवार शाम हुए इस साल के पहले चंद्रग्रहण को टेलिस्कोप के माध्यम से दिखाया और इसके वैज्ञानिक तथ्यों को समझाया। उन्होंने बताया कि सूर्य और चंद्रमा के बीच पृथ्वी आने से यह खगोलीय घटना होती है, जिसे बिना किसी चश्मे के आंखों से देखना पूरी तरह सुरक्षित है, लेकिन टेलिस्कोप से इसका नजारा और भी स्पष्ट दिखता है।

होली के अवसर पर हुए इस चंद्र ग्रहण के समय चंद्रमा पृथ्वी से लगभग 3 लाख 80 हजार किमी दूर था और ग्रहण के समय पृथ्वी की छाया के कारण चंद्रमा ब्लड मून के रूप में तामिया लाल रंग का दिखाई रहा था। आंशिक चंद्रग्रहण शाम 6 बजकर 47 मिनिट तक चला इसके बाद शाम 7 बजकर 53 मिनिट तक की अवधि के लिये उपछाया ग्रहण आरंभ हुआ। उपछाया ग्रहण की धार्मिक मान्यता नहीं रहती है। लेकिन वैज्ञानिक रूप से चंद्रमा जब उपछाया में रहता है तो सूर्य का पूरा प्रकाश नही मिलता है जिससे यह पीला दिखता रहता है।

सारिका ने बताया कि खगोलीय दृष्टिकोण से यह एक अद्भुत नज़ारा था जिसे बेहतर बनाने के लिए टेलिस्कोप का इस्तेमाल किया गया।

## पुलिस प्रशासन ने मंगलवार शाम शहर में फ्लैग मार्च निकाला



सिवनी मालवा ■ निसं

होली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से सिवनी मालवा पुलिस प्रशासन ने मंगलवार शाम शहर में फ्लैग मार्च निकाला। इस मार्च में एडिशनल एसपी अभिषेक राजन, एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान और थाना प्रभारी सुधाकर बारसकर के नेतृत्व में भारी पुलिस बल शामिल था। पुलिस टीम ने मुख्य बाजार, प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। इस दौरान आम नागरिकों और व्यापारियों से शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष चेकिंग प्वाइंट भी स्थापित किए गए हैं। थाना प्रभारी सुधाकर बारसकर ने चेतावनी दी कि शराब पीकर हुड़दंग करने, हथियार लेकर घूमने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं।

**पुलिस प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से अपील की-** पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे होली का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया है। मोबाइल टीमें लगातार गश्त पर रहेंगी, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

### मुखर्जी काम्पलेक्स के मार्ग पर पुन: अवैध रूप से लगा दिया जीना

**नर्मदापुरम।** मुखर्जी काम्पलेक्स परिसर में आवासीय भवन में व्यवसायिक उपयोग करने के लिए सीढ़ी लगाने का प्रयास दो माह पूर्व दिसंबर में किया गया था। मार्ग पर ही लोहे की सीढ़ी लगा दी थी। उसके बाद जब काम्पलेक्स परिसर में व्यवसाय करने वाले अनेक व्यवसायियों ने आपत्ति की तब नपा ने अवैधानिक रूप से लगाई हुई सीढ़ी हटाने के लिए आदेश देते हुए सीढ़ी को हटवा दिया था। उसके बाद संबंधित द्वारा सीढ़ी लगाने के लिए अनुमति मांगी गई। जिस पर नपा ने 23 दिसंबर को आदेश क्रमांक 8407 के माध्यम से जीना नहीं लगाने के लिए स्वीकृति देने से लिखित में इंकार कर दिया। इसके उपरांत भी बीते दो माह से लोहे की सीढ़ी उसी स्थान पर रखी हुई थी। जिसे मनमानी करते हुए रविवार अवकाश का फायदा उठाकर उन्हें जीना लगा दिया गया है। व्यापारियों ने दो दिन पहले ही प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया था मंगलवार को जिला प्रशासन को जनसुनवाई में भी आवेदन दिया था। अनेक लोगों के द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई में आवेदन देते हुए प्रशासन को अवगत कराया गया है द्य तथा गुरवार को नगरपालिका मे जनसुनवाई मे भी अवगत करया कि सतरस्ते स्थित मुखर्जी काम्पलेक्स में चारों तरफ से पक्की सीढ़ियां बनाई हुई हैं जिनसे आना जाना आसानी से हो जाता है। उसके बाद भी आवासीय भवन में आवागमन वाले मार्ग पर लोहे की सीढ़ियां लगाने की बार बार कोशिश की जा रही है।

## कलेक्टर के निर्देश, खाद्य सुरक्षा विभाग की सख्त कार्यवाही

# जांच के लिए भेजें 44 नमूने, 7 कारोबारियों को थमाए नोटिस

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए सोमवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न तहसीलों में सघन जांच एवं कार्रवाई की गई। कार्रवाई का उद्देश्य आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। तहसील पिपरिया में खाद्य सुरक्षा दल द्वारा बीकानेर मिष्ठान भंडार से मगज के लड्डू एवं मावा, सपना स्वीट्स से कलाकंद, राजस्थान स्वीट्स से रसगुल्ला तथा साहू बेकरी से कुकीज एवं नमकीन के नमूने लिए गए। इसी प्रकार तहसील सोहागपुर में न्यू बीकानेर मिष्ठान भंडार, श्री बीकानेर मिष्ठान भंडार एवं कमानी गेट स्थित मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई एवं स्वच्छता संबंधी आवश्यक निर्देश जारी किए गए। तहसील सिवनी मालवा में खाद्य सुरक्षा दल द्वारा राजस्थान स्वीट्स, आसी आइसक्रीम एवं कंचन मावा से विभिन्न मिठाइयों के नमूने लिए गए। साथ ही चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से मौके पर ही खाद्य पदार्थों की प्राथमिक जांच की गई। जिला प्रशासन के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक जिले में



कुल 44 नमूने लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जा चुके हैं। अनियमितता पाए जाने पर 7 खाद्य कारोबारियों को नोटिस भी जारी किए गए हैं।

### वन विभाग की प्लांटेशन एरिया में दोबारा अतिक्रमण की कोशिश

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले के बानापुरा रेंज की झाड़बीड़ा बीट में प्लांटेशन की जमीन पर अब दोबारा कब्जा करने की तैयारी है। उक्त जमीन पर अतिक्रमण करने के लिए टपरिया बनाई जा रही है। 5 दिन पहले ही 27 फरवरी को राजस्व और पुलिस के साथ मिलकर फॉरेस्ट के अमले ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाया। जिसमें करीब 230 अधिकारी और कर्मचारी थे। जेसीबी से उक्त जमीन पर गड्ढे भी किए। ताकि अतिक्रमण न कर सकें। बावजूद अब फिर से प्लांटेशन की जमीन तीन से चार टपरिया बन गई है। यह टपरिया किसने बनाई। उनके नाम सामने नहीं आ पाएं है। टपरिया बनने की जानकारी से रेंजर ज्ञान सिंह पवार अनजान है। उनका कहना है कि टपरिया की जानकारी मुझे नहीं है। डीएफओ गौरव शर्मा ने कहा टपरिया अगर बनाई गई है तो उसे वहां से हटाया जाएगा। अतिक्रमण नहीं होने देंगे।

# 'सुरक्षित होली': सड़कों पर पुलिस का सख्त पहरा, हुड़दंगियों पर रहेगी पैनी नजर

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

रंगों के त्यौहार होली पर जिले में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा का अभेद्य चक्रव्यूह तैयार किया है। पुलिस अधीक्षक (स्क्) के नेतृत्व में पूरे जिले को छावनी में तब्दील कर दिया गया है, ताकि नागरिक बिना किसी भय के उत्सव मना सकें।



**मैदान में उतरे आला अफसर:** सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सड़कों पर नजर आए। जहां पुलिस अधीक्षक ने सोहागपुर और माखन नगर का सघन दौरा किया, वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने इटारसी और केसला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों की समीक्षा की। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पूरे जिले को अलग-अलग सेक्टरों में बांटकर निगरानी की जा रही है।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम:** होली के उल्लास में खलल न पड़े, इसके लिए पुलिस ने संसाधनों का व्यापक वितरण किया है।

**मोबाइल पेट्रोलिंग:** जिले में 41 विशेष पेट्रोलिंग गाड़ियाँ लगातार गश्त कर रही हैं।

**सुरक्षा बल:** चप्पे-चप्पे पर 450 से अधिक पुलिस जवान तैनात किए गए हैं।

**होलिका दहन:** जिले के 643 चिन्हित स्थलों पर पुलिस की मौजूदगी में सुरक्षित दहन संपन्न हुआ।

**फ्लैग मार्च:** जनता में विश्वास जगाने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालकर असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी गई।

**नशे और रफ्तार पर 'सर्जिकल स्ट्राइक':** त्यौहार के दौरान हुड़दंग रोकने के लिए पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। ब्रीथ एनालाइजर के जरिए शराब पीकर वाहन चलाने वाले 115 चालकों के खिलाफ एम.वी. एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही, अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाते हुए 102 क्वार्टर अंग्रेजी शराब भी जब्त की गई है।

**पुलिस की अपील:** प्रशासन ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, नशे से दूर रहें और किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत नजदीकी थाने में दें।

# इंदौर में दिखा साल का पहला 'ब्लड मून' - चंद्र ग्रहण का अद्भुत नज़ारा

इंदौर ■ निसं

मंगलवार को इंदौर सहित मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में साल का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण देखा गया। शाम को चंद्रमा जब पूर्व दिशा में उगा, तब वह पहले से ही पृथ्वी की छाया में था, जिसके कारण उसका रंग हल्का लालिमा लिए दिखाई दिया। इस खगोलीय घटना को आम भाषा में ब्लड मून भी कहा जाता है।

ग्रहण भारतीय समयानुसार दोपहर लगभग 3:20 बजे प्रारंभ हुआ और शाम 6:47 बजे तक चला। हालांकि इंदौर में इसका स्पष्ट दृश्य सूर्यास्त के बाद चंद्रमा के उदय के समय ही दिखाई दिया। शाम करीब 6:25 से 6:40 बजे के बीच शहरवासियों को यह अद्भुत नज़ारा देखने का अवसर मिला। खगोल विज्ञान के अनुसार, पूर्ण चंद्र ग्रहण तब होता है जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और उसकी छाया चंद्रमा पर पड़ती है। पृथ्वी के वातावरण से गुजरने वाली सूर्य किरणें लाल रंग की रोशनी को चंद्रमा तक पहुँचाती हैं, जिससे वह रक्तिम दिखाई देता है।




इस बार का चंद्र ग्रहण होली के आसपास होने के कारण और भी खास माना जा रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण के दौरान सूतक काल लागू रहता है और लोग पूजा-पाठ तथा अन्य धार्मिक गतिविधियों में सावधानी बरतते हैं।

मौसम साफ रहने के कारण इंदौर में कई लोगों ने खुले स्थानों और छतों से इस दुर्लभ दृश्य का आनंद लिया। खगोल प्रेमियों और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### सूर्यकुमार बने टी20 में सबसे सफल भारतीय कप्तान

**नई दिल्ली।** भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव अब इस प्रारुप में भारतीय टीम के नंबर एक कप्तान बन गये हैं। सूर्यकुमार ने सबसे सफल कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा समेत विराट कोहली और महेन्द्र सिंह धोनी को भी पीछे छोड़ दिया है। सूर्यकुमार का अब टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जीत का औसत कप्तान के तौर पर सबसे अच्छा हो गया है। अगर देखा जाये तो 50 मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी करने वाले किसी भी कप्तान का जीत औसत इतना नहीं है, जितना की सूर्यकुमार यादव का है।

### अभिषेक को मनोज तिवारी ने दी नसीहत

**कोलकाता।** पूर्व क्रिकेट मनोज तिवारी ने युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की खराब बल्लेबाजी पर नाराजगी जतायी है। अभिषेक विश्वकप कप में अब तक एक ही मैच में रन बना पाये हैं। वहीं अन्य चार मैचों में असफल रहे हैं। तीन बार तो वह खाता भी नहीं खोल पाये हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतिम सुपर-8 मुकाबले में उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी पर वह एक बार फिर आते ही बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में अपना विकेट गंवा बैठे। इसी को देखते हुए तिवारी का कहना है कि अभिषेक अपने छोटे से करियर में स्टार तो बन गए हैं।

मगर अगर उन्हें सुपर स्टार बनना है तो टीम को अधिक से अधिक मैच जिताने होंगे। तिवारी ने कहा, 'वह इतने कम समय में ही स्टार बन गया है पर अगर उसे सुपरस्टार बनना है, तो उसे टीम के लिए और मैच जीतने होंगे।

### अब सीओई में कोच के तौर पर तेज गेंदबाजों को निखारेंगे जहीर

**मुम्बई।** पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान अब कोच की भूमिका में नजर आयेंगे। जहीर को बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में तेज गेंदबाजों को कोचिंग देने की जिम्मेदारी दी गयी है। जहीर को ऑस्ट्रेलिया के ट्रॉय कूली की जगह पर कोच बनाया गया है। कूल का चार साल का कार्यकाल समाप्त हो गय है। वह अब इंग्लैंड टीम के तेज गेंदबाजी विशेषज्ञ कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। जहीर कोचिंग भूमिका निभाने को लेकर काफी उत्साहित हैं। वह पहले आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट के कोच रहे हैं। ऐसे में उन्हें कोचिंग का अच्छा अनुभव है। माना जा रहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 चक्र को देखते हुए जहीर को गेंदबाजों को निखारने की जिम्मेदारी दी गयी है।

### अब तक मुकाबला 2-2 से बराबर, 1983 और 2024 में अंग्रेजों को हराया, चैंपियन भी बने

# आईसीसी टूर्नामेंट में पांचवीं बार भारत-इंग्लैंड सेमीफाइनल होगा

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारत और इंग्लैंड आईसीसी टूर्नामेंट में पांचवीं बार सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। अब तक खेले गए 4 मुकाबलों में दोनों टीमें 2-2 जीत के साथ बराबरी पर हैं। दिलचस्प बात यह है कि भारत ने इंग्लैंड को जब भी सेमीफाइनल में हराया, देश तब खिताब जीतने में भी कामयाब रहा। भारत-इंग्लैंड पहला सेमीफाइनल 1983 वनडे वर्ल्ड कप में हुआ था। तब भारत ने अंग्रेजों को हराया और फिर फाइनल में वेस्टइंडीज को मात देकर टीम चैंपियन बनी। दोनों टीमें सेमीफाइनल में आखिरी बार 2024 टी-20 वर्ल्ड कप में भिड़ीं। तब भी भारत ने इंग्लैंड को हराया और फिर फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर खिताब जीता। 1987 वनडे वर्ल्ड कप और 2022 टी-20 वर्ल्ड कप में भी भारत-इंग्लैंड सेमीफाइनल हुआ था। इन दो मौकों पर इंग्लैंड ने जीत हासिल की।

आगे पढ़िए चारों भारत-इंग्लैंड सेमीफाइनल की ब्रीफ स्टोरी। उससे पहले देखिए ढ्डष्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत का किस टीम के खिलाफ कैसा रिकॉर्ड है।

1. 1983: जब 'अंडरडॉग' भारत ने इंग्लैंड का घमंड तोड़ा: 1983 के सेमीफाइनल में भारत ने मेजबान इंग्लैंड को 6 विकेट से हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाई। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में मुकाबले से पहले इंग्लिश मीडिया और एक्सपर्ट्स ने भारत की हार लगभग तय मान ली थी।




टॉस हारने के बावजूद कप्तान कपिल देव ने धीमी पिच को भांप लिया। इंग्लैंड की पूरी टीम 60 ओवर में 213 रन पर सिमट गई। कपिल देव ने 3 विकेट लिए, जबकि मोहिंदर अमरनाथ ने 12 ओवर में सिर्फ 27 रन देकर 2 विकेट चटकाए।

214 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत खराब रही। 50 रन पर 2 विकेट गिर चुके थे। इसके बाद अमरनाथ (46 रन) और यशपाल शर्मा (61 रन) ने 92 रन की साझेदारी कर पारी को स्थिरता दी।

यशपाल का बॉब विलिस पर जड़ा गया लेग-साइड छक्का आज भी मशहूर है। जब भारत जीत के करीब था, तब संदीप पाटिल ने मुकाबले को यादगार बना दिया। उन्होंने बॉब विलिस के एक ओवर में 4 चौके जड़ते हुए इंग्लैंड की उम्मीदें तोड़ दीं। पाटिल ने 32 गेंदों में नाबाद 51 रन की तेज पारी खेली। इस जीत ने भारत को वह आत्मविश्वास दिया, जिसके दम पर टीम ने लॉर्ड्स में फाइनल खेला और आगे चलकर दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को हराकर पहली बार वर्ल्ड कप भी अपने नाम किया।

2. 1987: गूच की 'स्वीप' मास्टरक्लास ने 83 का बदला लिया: 1987 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने भारत को 35 रन से हराकर 1983 की हार का हिसाब बराबर कर दिया। घरेलू मैदान पर खिताब जीतने का भारतीय सपना यहीं टूट गया। इस मैच की सबसे बड़ी कहानी थे ग्राहम गूच। स्पिन के लिए मशहूर पिच पर उन्होंने भारतीय स्पिनर्स मनिंदर सिंह और रवि शास्त्री के खिलाफ स्वीप शॉट की बौछार कर दी। गूच ने अपनी पारी में 11 चौके लगाए और 136 गेंदों पर 115 रन बनाए। तीसरे विकेट के लिए उन्होंने माइक गेटिंग के साथ 117 रन की अहम साझेदारी की। इंग्लैंड ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 254 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। यह मुकाबला सुनील गावस्कर के वनडे करियर का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच साबित हुआ। वे सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गए। 255 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 64 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन उनके आउट होते ही भारतीय पारी लड़खड़ा गई।

भारत ने आखिरी 5 विकेट महज 15 रन के भीतर गंवा दिए और 45.3 ओवर में 219 रन पर सिमट गया। दिलचस्प संयोग यह रहा कि 1983 में भारत ने इंग्लैंड को उसके घर में हराया था। 4 साल बाद इंग्लैंड ने भारत को भारत में हराकर बदला पूरा किया।

3. 2022: बटलर-हेल्स में 170 रन की मैच विनिंग पार्टनरशिप: ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड ओवल में इंग्लैंड ने भारत को 10 विकेट से हरा दिया।

## आज सेमीफाइनल में होगा दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड का मुकाबला

**कोलकाता, एजेंसी।** आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के पहले सेमीफाइनल में बुंधवार को पिछले बार की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। इस मुकाबले को जीतकर दोनो ही टीमें फाइनल में पहुंचने के इरादे से उतरेंगी।

दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मैच जीतकर यहां तक का सफर तय किया है। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज अच्छे फार्म में हैं। जिससे उसी जीत की दावेदारी मजबूत है। वहीं दूसरी ओर कीवी टीम भी कम नहीं है। वह भी इस बार खिताबी मुकाबले में पहुंचने पूरी ताकत लगा देगी। न्यूजीलैंड की टीम ग्रुप स्तर पर अफ्रीकी टीम के हाथों मिली हार से उबरकर इस मैच में अपनी ओर से जीत का पूरा प्रयास करेगी। वहीं न्यूजीलैंड की टीम मुश्किल से सेमीफाइनल तक पहुंची है। इससे उसे अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में सुधार करना होगा।

अफ्रीकी टीम ने सुपर 8 स्टेज में शानदार प्रदर्शन के बाद यहां पहुंची हैं, इसमें उन्होंने पहले पिछले बार की विजेत भारत को 76 रन से हराया था। इसके बाद वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराने के बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ करीबी जीत के साथ सुपर 8 चरण का अंत किया।

दूसरी ओर न्यूजीलैंड का सुपर 8 अभियन सामानय रहा जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ उनका पहला मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया था। टीम ने श्रीलंका के खिलाफ अपने अगले मैच में 61 रन से जीत दर्ज की। वहीं उसे इंग्लैंड के खिलाफ करीबी हार का सामना करना पड़ा पर अच्छे नेट रन रेट के साथ वह अंतिम चार में आ गयी। आंकड़ों पर नजर डालें तो दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी है। अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में अब तक दोनों टीमों का 19 बार मुकाबला हुआ है, जिनमें 12 बार दक्षिण अफ्रीका जीती है जबकि 7 बार ही कीवी टीम जीत हासिल कर पाई है।

### 5 होम मैच बेंगलुरु में, 2 मुकाबले रायपुर में होंगे

# आरसीबी की चिन्नास्वामी स्टेडियम में वापसी होगी

नई दिल्ली ■ एजेंसी

डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु एक बार फिर अपने घरेलू मैदान पर लौटेगी। टीम आईपीएल 2026 में अपने सात होम मुकाबलों में से पांच मैच बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलेगी, जबकि बाकी दो मुकाबले रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित होंगे।

फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को इसका ऐलान किया। पिछले सीजन पहली बार खिताब जीतने के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान हुई भगदड़ में 11 प्रशंसकों की जान चली गई थी। इसी घटना के बाद इस मैदान पर मुकाबलों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी।

सोमवार को हुई बैठक में फैसला लिया गया: सोमवार को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ और फ्रेंचाइजी अधिकारियों के बीच लंबी बैठक के बाद यह फैसला हुआ। बीसीसीआई को भी इस बारे में



बता दिया गया है और आईपीएल शेड्यूल की घोषणा इसी हफ्ते की जा सकती है। संभावना है कि 28 मार्च को सीजन का पहला मैच भी चिन्नास्वामी में हो।

हादसे के बाद पहली बार बड़े मैच की मेजबानी: पिछले साल खिताब जीतने के जश्न के दौरान हुई दुखद घटना के बाद से चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोई भी बड़ा घरेलू टूर्नामेंट नहीं खेला गया था। इस मैदान पर न तो रणजी ट्रॉफी के मैच हुए, न ही विजय हजारे ट्रॉफी या महाराजा ट्रॉफी (चस्ष्ट ञ्20) के मुकाबले आयोजित किए गए। सुरक्षा कारणों और जांच के चलते लंबे समय से इस वेन्यू पर सस्पेंस था, जो अब खत्म हो गया है।

डी'कुन्हा कमेटी ने असुरक्षित बताया था: विमेंस वर्ल्ड कप के समय जस्टिस डी'कुन्हा कमेटी ने भी इस ग्राउंड को बड़े आयोजनों के लिए असुरक्षित बताया था। इस साल आरसीबी की पहली आईपीएल ट्रॉफी जीत के बाद स्टेडियम में विक्ट्री परेड हुई थी। लेकिन उसके बाहर भारी भीड़ के कारण भगदड़ मच गई, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

सुरक्षा के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर में किए गए बदलाव: फ्रेंचाइजी के मुताबिक ढ्ढक्क्र सीजन से पहले स्टेडियम के इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा उपायों को बेहतर बनाने के लिए सामूहिक प्रयास किए गए हैं। इसी वजह से डिफेंडिंग चैंपियन को अपने अधिकांश घरेलू मैच बेंगलुरु में खेलने की अनुमति मिल पाई है। टीम ने बताया कि रायपुर में दो मैच खेलना उनकी

### गेंदबाजी रैंकिंग में अलाना किंग नंबर एक पहुंची

# आईसीसी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में मंधाना शीर्ष पर पहुंची

दुबई ■ एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना नंबर एक स्थान पर पहुंच गयी हैं। मंदाना को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। वहीं दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ड्ट दूसरे नंबर पर खिसक गयी हैं। मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज़ में 58 और 31 रन रन बनाये थे जिससे उनके रेटिंग अंक 790 हो गये हैं। । इसके साथ वह वोल्वार्ड्ट के 782 अंकों से आगे निकल गयी हैं। बेथ मूनी 745 अंकों के साथ ही तीसरे नंबर पर हैं।

वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तान एलीसा हीली चौथे नंबर पर बनी हुई हैं। हीली ने अपने करियर के अंतिम एकदिवसीय में शतक लगाया था। हीली के 744 रेटिंग पॉइंट्स हैं जबकि बेथ मूनी के 749 और एसलीगेह गार्डनर के 724 अंक हैं। वहीं भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर चार स्थान ऊपर आकर शीर्ष दस में पहुंच गयी हैं। वह नौवें स्थान पर हैं। भारत की ही मिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर बनी हुई हैं।



वहीं गेंदबाजी रैंकिंग में भी काफी बदलाव आया है। ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर अलाना किंग 775 रेटिंग अंक के साथ नंबर-1 बन गई हैं।

उन्होंने लगभग चार साल तक नंबर एक पर रहीं। सोफी ऐसलेस्टोन को पीछे छोड़ दिया। अलाना ने सीरीज़ में 16.71 की औसत से सात विकेट लिए, जिसमें तीसरे एकदिवसीय में चार विकेट शामिल हैं। इसके अलावा ऑलराउंडरों की रैंकिंग में एशलेगाह गार्डनर 516 अंकों के साथ नंबर-1 पर हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज की हेली मैथयूज (418) पर लगभग 100 अंकों की बढ़त बनायी है। भारत की दीप्ती शर्मा गेंदबाजी रैंकिंग में 10वें और ऑलराउंडर सूची में पांचवें स्थान पर मौजूद हैं।



### जापान का निक्केई 3% गिरा, भारतीय बाजार बंद, कच्चा तेल दो दिन में 13% चढ़ा

# इजराइल-ईरान जंग से दक्षिण कोरिया का बाजार 7% टूटा

मुंबई ■ एजेंसी

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के बीच आज यानी 3 मार्च को एशियाई शेयर बाजारों में मिला जुला कारोबार है। वहीं होली पर आज भारतीय शेयर बाजार बंद हैं।

दक्षिण कोरिया का कोस्पी 7.24% गिरकर 5,791 के स्तर पर बंद हुआ। जापान का निक्केई इंडेक्स 3.06% नीचे 56,279 के स्तर पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट 1.43% गिरकर 4,122 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग 1.12% नीचे 25,768 के स्तर पर हुआ। पाकिस्तान का चस्श्व 30 इंडेक्स 4.27% चढ़कर 48,302 पर बंद हुआ।

कच्चा तेल दो दिन में 13% चढ़ा ब्रेंट क्रूड की कीमत आज 3% से ज्यादा चढ़कर 80 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। कल इसमें 10% की तेजी आई थी। यानी, दो दिन में ये 13% से ज्यादा चढ़ चुका है। जानकारों का मानना है कि अगर यह तनाव और बढ़ा, तो तेल की कीमतें



120 डॉलर प्रति बैरल तक सकती हैं। इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल पर दिख सकता है। दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 100 तक पहुंच सकता है। वहीं डीजल 88 से बढ़कर 92 तक जा सकता है। अन्य शहरों में भी इसी तरह कीमतें बढ़ सकती है।

कल सेंसेक्स 1048 अंक गिरकर बंद हुआ: अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते भारतीय शेयर बाजार में कल यानी 2 मार्च को गिरावट रही थी। सेंसेक्स 1048 अंक (1.29%) गिरावट के साथ 80,239 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी करीब 313 अंकों (1.24%) की गिरावट रही, ये 24,866 के स्तर पर आ गया।

विदेशी निवेशकों ने 2 मार्च को 3,295 करोड़ रुपए के शेयर बेचे: विदेशी निवेशकों ने 2 मार्च को 3,295 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 8,593 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। फरवरी में 11,002 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। इस दौरान 17,324 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

जनवरी 2026 में कुल 41,435 करोड़ के शेयर्स बेचे थे। इस दौरान 69,220 करोड़ के शेयर खरीदे थे।

पाकिस्तान शेयर बाजार 9.8% टूटा: पाकिस्तान के शेयर बाजार में 2 मार्च को बड़ी गिरावट रही। चस्श्व-30 इंडेक्स 4,996 अंक (9.73%) गिरकर 46,326 पर बंद हुआ। इससे पहले भारी बिकवाली के चलते मार्केट में 45 मिनट के लिए ट्रेडिंग रोकनी पड़ी यानी लोअर सर्किट लग गया था।

भारत फिर बढ़ाएगा रूस से कच्चे तेल की खरीद, 95 लाख बैरल तेल पर नजर: मिडिल ईस्ट में ईरान-इजराइल के बीच जंग और तेल की सप्लाई चैन प्रभावित होने के बाद भारत ने एक बार फिर रूस की ओर रुख किया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ाने का प्लान बना रहा है।

### कार्पोरेट हस्तियों ने गाए सदाबहार गीत

# मैनेजमेंट एसोसिएशन ने उत्साह, सहभागिता एवं प्रबंधन मूल्यों के साथ मनाई होली

भोपाल ■ निसं

भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा 1 मार्च 2026 को रंगों का त्योहार होली अत्यंत उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सदस्यों ने सौहार्द, आनंद और सकारात्मकता की भावना के साथ भाग लिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय सचिव शंकर कृष्णन ने कहा कि होली का त्योहार नकारात्मकता पर सकारात्मकता, मतभेदों पर सौहार्द और चुनौतियों पर आशा का प्रतीक है – जो व्यावसायिक एवं संगठनात्मक जीवन में भी समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।

अपने स्वागत उद्बोधन में राजेश तिवारी ने कहा कि एसोसिएशन विभिन्न पृष्ठभूमियों से आने वाले पेशेवरों को एक साझा उद्देश्य – सीखने और साथ मिलकर आगे बढ़ने – के लिए एक मंच प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि होली हमें प्रबंधन के तीन शाश्वत पाठ सिखाती है: नवीनता समावेशन साथ मिलकर आनंद कार्यक्रम में उत्साह का रंग भरते हुए रोचक खेलों का आयोजन डॉ निष्ठा पचौरी एवं अभिलाषा मौका द्वारा किया गया, जिसमें सदस्यों ने पूरे उत्साह से भाग लिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत गीत एवं काव्य प्रस्तुति आर जी द्विवेदी जी के छिब्बर शैलेंद्र ओझा अजय वर्मा विजय सक्सेना एस पी पांडे एम पी निगम द्वारा की गई।

पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए होली का उत्सव प्राकृतिक फूलों के साथ मनाया गया, जो सतत एवं पर्यावरण-अनुकूल उत्सव का संदेश देता है। कार्यक्रम का सफल संचालन शैलेंद्र द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन माननीय सचिव शंकर कृष्णन ने प्रस्तुत किया।

यह उत्सव एकता, सृजनात्मकता और सामूहिक विकास की भावना को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करता है जो होली के साथ-साथ भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन की मूल भावना को भी दर्शाता है।

### प्लैटिनम के भाव सपाट, सोने के बढ़ते दामों से बढ़ी मांग

**मुंबई।** बुलियन मार्केट में मंगलवार को प्लैटिनम के भाव फ्लैट रहे। दिल्ली में 1 ग्राम प्लैटिनम की कीमत 6,976 रुपए है, यानी 10 ग्राम की कीमत 69,760 रुपए है। मुंबई, चेन्नई, अहमदाबाद, कोलकाता, जयपुर, भोपाल और इंदौर में भी 1 ग्राम का रेट समान 6,976 रुपए रहा। होली से पहले प्लैटिनम के भाव में कोई बड़ी हलचल नहीं देखी गई और कल के भाव पर ही कीमत स्थिर रही। सोने के दाम लगातार ऊंचे बने हुए हैं। 10 ग्राम सोने की कीमत लगभग 1,60,000 रुपए तक पहुंच गई है, जबकि 10 ग्राम प्लैटिनम लगभग 66,800 रुपए में उपलब्ध है। इस बड़ा अंतर कई खरीदारों को प्लैटिनम ज्वैलरी की ओर आकर्षित कर रहा है। प्लैटिनम का लुक मॉडर्न और अलग होता है, इसलिए खासकर युवा इसे पसंद कर रहे हैं।

### मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने लॉन्च की 1.40 करोड़ की नई वी-क्लास एमपीवी

**मुंबई।** जर्मनी की लक्जरी कार निर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी नई वी-क्लास लक्जरी एमपीवी पेश की है। इस मॉडल की कीमत 1.40 करोड़ रुपये रखी गई है। कंपनी ने इसे स्थानीय स्तर पर असेंबल किया है, जिससे भारत में स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। यह मर्सिडीज-बेंज इंडिया का 12वां स्थानीय उत्पादन मॉडल है। वी-क्लास एमपीवी का उत्पादन कंपनी के पुणे स्थित चाकन संयंत्र में किया गया है। इस संयंत्र की सालाना उत्पादन क्षमता 20,000 यूनिट है। इससे कंपनी को स्थानीय मांग के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी और उत्पादन लागत में भी स्थिरता आएगी।

### ईरान संकट से प्रभावित भारतीय चाय निर्यात

**नई दिल्ली।** भारतीय चाय निर्यातक संघ के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ईरान को भेजी गई चाय के भुगतान अटके हुए हैं। कुछ खेप समुद्र में फंसी हैं और भारत में स्टॉक के रूप में खड़ा है। निर्यातक फिलहाल स्थिति का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा, अमेरिका और यूरोप जैसे अन्य बाजारों पर भी अल्पकाल में प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि हालात अव्यवस्थित हैं। इस सप्ताह कुछ खेप पश्चिम एशिया के लिए जाने वाली थीं, लेकिन खरीदारों ने उन्हें रोकने की सलाह दी। कंपनी का लगभग 70 फीसदी उत्पादन पश्चिम एशिया को निर्यात होता है।

## रियल वाले रंग सब पे चढ़ जाएं' अभियान के साथ 'रियल जूस' ने बदला होली उत्सव का अंदाज

भोपाल ■ निसं

पैकेज्ड फ्रूट जूस श्रेणी की अग्रणी कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने अपने होली उत्सव अभियान, 'रियल वाले रंग सब पे चढ़ जाएं' को लॉन्च करने की घोषणा की। 'रियल फ्रूट पावर' को हाइड्रेशन और ऊर्जा के बेहतरीन साथी के रूप में पेश करते हुए, यह अभियान भारत के सबसे रंगीन त्योहार की बेरोकटोक और स्वाभाविक खुशी का जश्न मनाता है। 'रियल वाले रंग सब पे चढ़ जाएं' पहल लोगों को अपनी झिझक छोड़ने और 'रंगबाज़' भावना को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है-यानी फलों के प्राकृतिक पोषण से भरपूर रहते हुए पूरे दिल से होली खेलना। इस अभियान के केंद्र में एक हाई-एनर्जी म्यूजिकल फिल्म है, जो आधुनिक भारतीय होली की आत्मा को दर्शाती है: परंपरा, सहज नृत्य और दोस्ती के वास्तविक बंधनों का एक अनूठा संगम।



'होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है; यह ऊर्जा और भावनाओं का विस्फोट है। 'रियल वाले रंग सब पे चढ़ जाएं' के माध्यम से, हम अपने उपभोक्ताओं को याद दिलाना चाहते हैं कि त्योहार का आनंद लेने का सबसे अच्छा तरीका अपना वास्तविक स्वरूप बने रहना है। रियल फ्रूट पावर वह आवश्यक पोषण और हाइड्रेशन प्रदान करता है जो पहली फुहार से लेकर आखिरी डांस बीट तक ऊर्जा को बनाए रखने के लिए ज़रूरी है।' – श्री मयंक कुमार, वाइस प्रेसिडेंट – मार्केटिंग, डाबर इंडिया लिमिटेड यह अभियान केवल 'इंस्टाग्राम' वाली दिखावटी तस्वीरों से आगे बढ़कर त्योहार की उस खूबसूरत मस्ती का जश्न मनाता है जिसमें लोग पूरी तरह रंगों में सराबोर हो जाते हैं। जैसे-जैसे परिवार बड़े पैमाने पर समारोहों की तैयारी कर रहे हैं।

### रेशमा की लीडरशिप में कंपनी को मिली कामयाबी, दुनिया की 100 शक्तिशाली महिलाओं में हैं शुमार

# वर्टेक्स का मार्केट-कैप 5 साल में दोगुना 11 लाख करोड़

मुंबई ■ एजेंसी

साल 1988 की बात है। मुंबई की 11 साल की लड़की माता-पिता के साथ अमेरिका के लॉन्ग आइलैंड पहुंची। सामान कम था, सपने ज्यादा। परिवार छोटे से अपार्टमेंट में रहने लगा। बच्ची का नाम था रेशमा केवलरामानी। आज रेशमा अमेरिका की किसी बड़ी सार्वजनिक बायोटेक कंपनी की पहली महिला सीईओ और प्रेसिडेंट हैं।

हाल ही में प्रतिष्ठित 'टाइम' पत्रिका ने उन्हें 'टाइम वुमन ऑफ द ईयर 2026' चुना है और वे 2025 के 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों की लिस्ट में भी हैं। रेशमा के नेतृत्व में वर्टेक्स का बाजार मूल्य काफी बढ़ा है। अप्रैल 2020 में जब रेशमा सीईओ बनीं, उस वक्त कंपनी का मार्केट कैप लगभग 69 बिलियन डॉलर था। अब करीब दो गुना बढ़कर करीब 120 बिलियन डॉलर (करीब 11 लाख करोड़ रुपए) है। वे फॉर्च्यून और टाइम जैसी पत्रिकाओं की प्रभावशाली वैश्विक हस्तियों की सूची में मुकेश अंबानी, मार्क जुकरबर्ग और सुंदर पिचाई जैसे दिग्गजों के साथ हैं।



टाइम पत्रिका ने लिखा: 'रेशमा की कहानी 'अमेरिकी सपने' का एक जीवंत उदाहरण है।' रेशमा का यह सफर आसान नहीं था। उनके पिता ने न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में कपड़े और इलेक्ट्रॉनिक्स छोटी दुकान शुरू की। रेशमा अक्सर वहां काउंटर पर बैठकर ग्राहकों से बात करतीं और शाम को पिता के साथ दिनभर की कमाई का हिसाब रखती थीं।

कभी चूहों से डर लगता था: उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था, 'हमारे परिवार में करियर के लिए सीमित विकल्प थे- इंजीनियरिंग, डॉक्टर या पुजारी। मैंने चिकित्सा चुना।' 1998 में बोस्टन यूनिवर्सिटी से सर्वोच्च सम्मान के साथ स्नातक की डिग्री ली। किडनी विशेषज्ञ बनीं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल से जुड़े संस्थानों में रिसर्च करने लगीं। रेशमा अपनी इस यात्रा पर अक्सर एक रोचक किस्सा साझा करती हैं कि लैब में रिसर्च के दौरान उनका सबसे बड़ा डर चूहे थे। वे मजाक में कहती हैं कि उनके करियर के बदलाव में इस डर का भी योगदान था।

एक फोन कॉल ने सब बदल दिया: वर्ष 2004 में एमजेन बायोटेक कंपनी से उनके पास एक प्रस्ताव आया। यह अवसर कैलिफोर्निया में रिसर्च और डेवलपमेंट विभाग में था। फैसला कठिन था क्योंकि उनका पूरा परिवार और छह महीने के जुड़वां बेटे बोस्टन में थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने पश्चिम एशिया के कई देशों से अपने राजनयिकों, कर्मचारियों को वापस बुलाया

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनावों के बीच अमेरिका ने कतर, कुवैत, बहरीन, इराक, जॉर्डन से अपने गैर-आपातकालीन राजनयिकों, सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवारों को वापस बुलाने का आदेश दिया है। सउदी अरब में ड्रोन हमले के बाद दूतावास बंद कर दिया गया और यरूशलम दूतावास ने नागरिकों को खुद सुरक्षित स्थान खोजने की सलाह दी है। साइप्रस समाचार एजेंसी (सीएनए) ने बताया कि अमेरिकी मिशन सऊदी अरब में मंगलवार को ड्रोन हमले के बाद बंद कर दिया गया। जेद्दा, रियाद और दहरान में मौजूद अमेरिकी नागरिकों को अगले आदेश तक सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस ने यह कदम आंशिक रूप से इजराइल द्वारा ईरान पर हमले की योजनाओं को तेज करने की पृष्ठभूमि में उठाया है। इसके अलावा ईरान ने भी चेतावनी दी है कि यदि उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर उस पर हमला किया गया तो वह क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना सकता है। कुवैत स्थित अमेरिकी दूतावास भी अगले आदेश तक बंद रहेगा। सभी नियमित और आपातकालीन वीज़ा एवं कांसुलर सेवाएं फिलहाल रद्द कर दी गई हैं। इज़राइल में अमेरिकी दूतावास ने स्पष्ट किया है कि वह वहां से निकलने की इच्छा रखने वाले अमेरिकी नागरिकों को न तो निकासी सुविधा दे सकता है और न ही सीधे सहायता कर सकता है।

### प. एशिया में तनाव के बीच साइप्रस को एंटी-मिसाइल-ड्रोन सिस्टम व युद्धपोत भेजेगा फ्रांस

**निकोसिया।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच साइप्रस की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच फ्रांस ने बड़ा कदम उठाया है। हालिया घटनाओं के बाद फ्रांस ने साइप्रस को एंटी-मिसाइल और एंटी-ड्रोन सिस्टम के साथ एक युद्धपोत भी भेजेगा। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से वार्ता के बाद इसकी पुष्टि की। साइप्रस की सरकारी न्यूज एजेंसी सीएनए ने एक रिपोर्ट में बताया कि दोनों नेताओं के बीच सोमवार को दो बार फोन पर बातचीत हुई थी, जिसमें क्रिस्टोडौलाइड्स ने सुरक्षा सहायता का अनुरोध किया था। फ्रांस सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने के लिए साइप्रस को एंटी-मिसाइल और एंटी-ड्रोन सिस्टम के साथ-साथ एक युद्धपोत भी भेजेगा। इसके अलावा, दूसरा युद्धपोत भी जल्द भेजे जाने की योजना है। इसी दौरान राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलाइड्स ने जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ से भी एक जर्मन युद्धपोत तैनात करने का अनुरोध किया। मर्ज ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है और जर्मन सरकार की ओर से जल्द ही आधिकारिक निर्णय आने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके पूर्व, सोमवार को राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलाइड्स के आग्रह के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने फोन पर दो बार सैन्य सामानों को लेकर बात की थी।

### चुनाव के मद्देनजर नेपाल से लगी भारत और चीन की सीमा सील

**काठमांडू।** नेपाल में 5 मार्च को होने जा रहे प्रतिनिधि सभा सदस्य के चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से नेपाल से सटी भारत और चीन की सीमाओं को 72 घंटे के लिए सील कर दिया गया है। नेपाल से लगी भारत और चीन की सीमा आज मध्य रात से 5 मार्च शाम तक के लिए बंद कर दी गई है। इस दौरान किसी भी प्रकार की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। नेपाल-भारत की सीमा सील होने से पहले भारत और चीन से सटे सभी जिला प्रशासन और सुरक्षा अधिकारी की संयुक्त बैठक में इस बात की औपचारिक जानकारी करा दी गई थी। सरकार ने यह कदम चुनाव के दौरान अवांछित गतिविधियों, आपराधिक तत्वों की आवाजाही, अवैध धन तथा प्रचार सामग्री के प्रवेश को रोकने के लिए उठाया है। गृह प्रशासन के अनुसार सीमा नाकों पर सशस्त्र प्रहरी बल, नेपाल पुलिस और अन्य सुरक्षा निकायों की तैनाती बढ़ा दी गई है।

### रियाद में अमेरिकी दूतावास पर ईरान का बड़ा ड्रोन हमला

**रियाद।** सऊदी अरब में रियाद स्थित अमेरिकी दूतावास पर मंगलवार को ईरान ने ड्रोन से अबतक का सबसे बड़ा हमला किया। हमले के दौरान भीषण धमाके के साथ दूतावास परिसर में आग लग गई। अमेरिकी दूतावास को दो ड्रोन से निशाना बनाया गया। मीडिया समूह सऊदी गजट ने देश के रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया है कि मंगलवार तड़के रियाद और अल-खारज शहरों के पास 8 ड्रोन को नष्ट कर दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि प्रारंभिक आकलन के अनुसार, रियाद स्थित अमेरिकी दूतावास को दो ड्रोनों द्वारा निशाना बनाया गया था। इस घटना में इमारत के एक हिस्से में आग लगने से मामूली क्षति पहुंची है। जबकि सऊदी अरब ने प्रिंस सुल्तान एयर बेस को निशाना बना रहे 5 ड्रोनों को रोका। इससे पहले सोमवार को भी कुवैत और जॉर्डन स्थित अमेरिकी दूतावास पर ईरान ने हमला किया।

## रायपुर पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की मिली धमकी, जांच में नहीं मिला कोई विस्फोटक




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित पासपोर्ट कार्यालय को ई-मेल के जरिए 12 बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी के बाद पासपोर्ट कार्यालय में हड़कंप मच गया।पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं और पूरे परिसर को एहतियातन खाली कराकर सघन चेकिंग की गई, लेकिन कहीं कोई विस्फोटक नहीं मिला। पासपोर्ट कार्यालय की आधिकारिक मेल में पूरे कार्यालय को बमों से उड़ाने क धमकी मिली। मेल भेजने वाले व्यक्ति ने खुद को तमिलनाडु का निवासी बताया है। अधिकारियों ने बताया कि धमकी को गंभीरता से लिया जा रहा है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्यालय को तत्काल खाली कराया गया और कर्मचारियों और वहां मौजूद लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। पूरे परिसर की जांच के दौरान किसी भी प्रकार का विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

## 'कैश-फॉर-टिकट' पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा, कहा- गांधी-वाड्रा सबसे भ्रष्ट परिवार

नई दिल्ली ■ एजेंसी

हरियाणा में 'कैश-फॉर-टिकट' को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस को घेरते हुए गांधी-वाड्रा परिवार को सबसे भ्रष्ट करार दिया है। भाजपा ने दावा किया कि 2024 के हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के भीतर टिकट के लिए पैसे लेने का बड़ा घोटाला किया गया।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने केसी वेणुगोपाल को सामने रखकर हरियाणा की बावल सीट से टिकट दिलाने के लिए सात करोड़ रुपये की मांग की। यह



रकम हरियाणा महिला कांग्रेस की महासचिव कविता मलिक के पति गौरव कुमार से ली गई।

भंडारी ने कहा कि आज ये साबित हो चुका है कि कांग्रेस देश में चुनाव इसीलिए लड़ती है, क्योंकि राहुल, प्रियंका और सोनिया की लाइफ स्टाइल बरकरार रख सके। उन्होंने कहा कि गौरव कुमार ने बावल विधानसभा सीट से संबंधित बातचीत को लेकर राहुल एवं प्रियंका के करीबी केसी वेणुगोपाल और के. सुरेश के साथ में प्रियंका के पीए शादाब खान की व्हाट्सएप चैट सामने रखी है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि आज सबके सामने ये साफ हो गया है कि प्रियंका, राहुल और वेणुगोपाल ने हरियाणा में अपनी ही पार्टी कार्यकर्ता से सात करोड़ रुपये लूटने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य आरोप नहीं है। पिछले कुछ समय में पूरे देश में केवल एक ही मुद्दे की बात चल रही है।

## ईरान ने छोड़ीं 170 मिसाइलें और 600 से ज्यादा ड्रोन, यूएई ने हवा में ही किए नष्ट

आबू धाबी ■ एजेंसी

पश्चिम एशिया में बीते चार दिनों से जारी युद्ध के बीच मंगलवार को तनाव और चरम पर पहुंच गया है, ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर भारी मात्रा में मिसाइलें और ड्रोन हमले के रूप में दागे। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने शुरू से अब तक कुल 174 बैलिस्टिक मिसाइलें और 689 ड्रोन हवा में ही नष्ट कर दिए हैं, जबकि कुछ मिसाइलें समुद्र में गिरीं और कुछ ड्रोन देश की सीमा के अंदर गिरे हैं।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई)के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, देश की एयर डिफेंस सिस्टम ने 161 बैलिस्टिक मिसाइलों, 8 क्रूज मिसाइलों और 645 ड्रोन को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया, जबकि शेष कुछ उपकरण बिना बड़ी क्षति पहुंचाए समुद्र या जमीन पर गिरे। हालांकि अधिकांश मिसाइलें डिफेंस सिस्टम द्वारा रोक ली गईं, लेकिन दुबई के पाम जुमैराह, बुर्ज अल अरब और आबू धाबी के कुछ औद्योगिक क्षेत्रों में गिरते टुकड़ों के कारण आग और मामूली नुकसान की खबरें मिली हैं।

यूएई अधिकारियों ने पुष्टि की है कि मिसाइल-ड्रोन हमलों में कम से कम तीन लोग मारे गए हैं, जिनमें एक पाकिस्तानी, एक नेपाली और एक बांग्लादेशी नागरिक थे। इसके अलावा देशभर में लगभग 58 लोग घायल हुए हैं, जिसमें भारतीय सहित कई अन्य देश के लोग भी शामिल हैं। घायलों में ज्यादातर मामूली चोटें शामिल हैं और अनेक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यूएई के रक्षा एवं विदेश मंत्रालयों ने इन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'राष्ट्रीय संप्रभुता का उल्लंघन' तथा 'अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला अपमान' बताया है। वहीं, बढ़ते हुए तनाव के बीच यूएई ने तेहरान में अपनी दूतावास को बंद कर दिया और अपने राजनयिक कर्मचारियों को वापस बुला लिया है।

ये हमले ईरान पर अमेरिका तथा इजरायल के बीच बढ़ते युद्ध के दौरान किया गया हैं, जिसमें ईरान ने 'प्रतिशोध' में मिसाइलों और ड्रोन के से खाड़ी के करीब के देशों के हवाई ठिकानों और रणनीतिक लक्ष्यों पर निशाना बनाया। इस दौरान खाड़ी के अन्य देशों सहित कतर, बहरीन और कुवैत से भी मिसाइलों और ड्रोन हमलों की खबरें आ रही हैं।

इस कारण कई एयरपोर्ट और वाणिज्यिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और कई हवाई मार्ग समायोजित या अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं। यूएई सरकार ने जनता से संयम बरतने, आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा रखने और अफवाहों से बचने का आग्रह किया है।



### ईरान के समर्थन में हिज्बुल्लाह के आने पर लेबनान ने अपनी सेना कुछ पीछे हटायी

**बेरूत (लेबनान)।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच लेबनान के उग्रवादी संगठन हिज्बुल्लाह के ईरान के समर्थन में आने पर लेबनानी सरकार सतर्क हो गयी है और उसने अपनी सेना को अग्रिम मोर्चे से कुछ पीछे हटा दिया है। इस बीच, इजराइल ने हिज़्बुल्लाह के ठिकानों पर जवाबी हमले तेज कर दिए हैं जबकि लेबनानी सरकार ने अपनी संप्रभुता और कानूनी नियंत्रण बनाए रखने पर जोर दिया है। लेबनान की सरकारी न्यूज एजेंसी एनएनए ने एक रिपोर्ट में कहा कि लेबनानी सेना ने मंगलवार को इज़राइली सीमा पर अपने अग्रिम मोर्चे से सैनिकों को पीछे हटाकर पुन: तैनात किया है। इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में सक्रिय रहकर हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर हमले जारी रखे हैं। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि इज़राइल डिफेंस फ़ोर्स (आईडीएफ) को सीमा पर आगे बढ़ने और नियंत्रित इलाकों से इज़राइली समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अनुमति दी गई है। हिज़्बुल्लाह ने सोमवार को उत्तरी इज़राइल पर रॉकेट और ड्रोन हमले किए थे, जिनका मकसद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई की हत्या का जवाब देना था। इसके जवाब में इजराइल ने हिज़्बुल्लाह की खुफिया शाखा के प्रमुख हुसैन मकलेद को निशाना बनाया।

### ट्रम्प ने ईरान पर हमले को ठहराया सही, बोले 'सबसे बड़ा प्रहार अभी बाकी' :

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर संयुक्त अमेरिकी-इजराइली हमलों के बाद पहली बार सार्वजनिक बयान देते हुए सैन्य कार्रवाई को सही ठहराया है। सोमवार को वाइट हाउस में दिए संबोधन में ट्रम्प ने कहा कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा था। उन्होंने कहा, 'यह हमारे पास आखिरी और सबसे अच्छा मौका था, जिससे हम इस खतरनाक शासन से पैदा हो रहे खतरे को खत्म कर सकते थे।' ट्रम्प के मुताबिक यह जंग चार से पांच सप्ताह तक चल सकती है, हालांकि अमेरिका के पास इससे अधिक समय तक कार्रवाई करने की क्षमता भी है। राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान का मिसाइल कार्यक्रम उसके परमाणु हथियार कार्यक्रम को सुरक्षित रखने और आगे बढ़ाने के उद्देश्य से विकसित किया जा रहा था। उन्होंने दावा किया कि यदि ईरान के पास परमाणु हथियार और लंबी दूरी की मिसाइलें होतीं, तो वह मध्य-पूर्व ही नहीं बल्कि अमेरिका के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता था।

## आईआईटी खड़गपुर ने किया ज्योति चटर्जी स्कूल ऑफ डिजिटल इंजीनियरिंग और एआई का शुभारंभ



खड़गपुर ■ एजेंसी

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), खड़गपुर ने मंगलवार ज्योति चटर्जी स्कूल ऑफ डिजिटल इंजीनियरिंग, अनुप्रयुक्त आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का शुभारंभ किया। यह देश का पहला ऐसा क्षैतिज, शोध-आधारित अनुप्रयुक्त एआई केंद्र है, जिसका उद्देश्य एआई नवाचार को केवल शोध तक सीमित न रखकर उसे व्यावहारिक उपयोग और उद्योग के साथ जोड़ना है।

स्कूल को पूर्णतः क्षैतिज संरचना में बनाया गया है, जो सभी शैक्षणिक और औद्योगिक क्षेत्रों में काम करेगा। यह डीन (अनुसंधान एवं विकास) कार्यालय के अधीन संचालित होगा और इसका फोकस उच्च प्रभाव वाले अनुवादात्मक तकनीकी मॉडल पर होगा। इसके केंद्र में उद्योग और शिक्षा का घनिष्ठ सहयोग होगा।

इस पहल को डॉ. ज्योति चटर्जी (बीटेक 1977, आईआईटी खड़गपुर) के योगदान से सशक्त किया गया है। उन्होंने आईआईटी खड़गपुर फाऊंडेशन यूएसए के माध्यम से पांच वर्षों में अधिकतम पांच मिलियन अमेरिकी डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई है। इस परोपकारी योगदान से स्कूल के सतत नवाचार और उच्च-स्तरीय अनुसंधान को मजबूती मिलेगी।

यह स्कूल पारंपरिक एआई विभागों से अलग, बहुविषयी और नवाचार-उन्मुख पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में कार्य करेगा। इसमें डिजिटल इंजीनियरिंग, अगली पीढ़ी की कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग, डीप न्यूरल सिस्टम्स, आईओटी, स्मार्ट सेंसिंग, साइबर-फिजिकल सिस्टम, रोबोटिक्स, बड़े डेटा इंजीनियरिंग, क्लाउड अवसंरचना और डिजिटल स्वास्थ्य एवं बायोमेडिकल एआई शामिल हैं।

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में इसका समन्वय स्कूल ऑफ मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी, कॉमन रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट हब ऑन हेल्थकेयर और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के क्लिनिकल इकोसिस्टम से होगा, जिससे प्रयोगशाला से लेकर वास्तविक क्षेत्रीय तैनाती तक एआई प्रणालियों का परीक्षण संभव होगा।

डीन (आर एंड डी) के नेतृत्व में स्कूल उद्योग-आधारित प्रयोगशालाएं और एआई टेस्टबेड स्थापित करेगा, उद्योग और सरकार के साथ सह-विकास मंच विकसित करेगा, पायलट स्तर पर अनुसंधान और अनुवादात्मक परियोजनाओं को गति देगा और तकनीकी परिपक्वता व व्यावसायीकरण को बढ़ावा देगा।

## इज़राइल-ईरान युद्ध के चलते दुबई में फंसे 217 लोग विशेष विमान से चेन्नई पहुंचे

चेन्नई ■ एजेंसी

इज़राइल-ईरान युद्ध के चलते दुबई में फंसे लोगों लोगों को निकालने के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कवायद शुरू कर दी है। तीन दिनों के बाद मंगलवार तड़के सुबह एक विशेष विमान के जरिए 217 यात्री चेन्नई पहुंच गए हैं।

दरअसल, अमेरिका-ईरान के बीच परमाणु समझौता विफल होने के बाद इज़राइल और अमेरिका ने मिलकर ईरान पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। इसके जवाब में ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने भी इज़राइल पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। इसओ अलावा ईरान ने अमेरिका के सहयोगी देशों बहरीन, कतर और संयुक्त अरब अमीरात पर भी ईरान ने हमले किए हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारी तनाव पैदा हो गया है।

पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण दुबई, सऊदी अरब सहित कई खाड़ी देशों में उड़ान सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। इसके चलते वहां बड़ी संख्या में भारतीय फंसे गए हैं। इस



स्थिति में खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सऊदी अरब के जेद्दा शहर से भारत के विभिन्न शहरों के लिए इंडिगो एयरलाइन की ओर से 10 विशेष उड़ानें संचालित करने की घोषणा की है। इसी क्रम में दुबई से विशेष विमान से 217 यात्री मंगलवार तड़के चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंच गए हैं। हवाई अड्डे पर उनके परिजनों ने उन्हें गले लगाकर भावुक होकर स्वागत किया। हवाई क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए दुबई की एमिरेट्स एयरलाइन ने कल रात से सीमित संख्या में कुछ उड़ानें ही संचालित करना शुरू किया है।

जानकारी के अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मस्कट के लिए अपनी उड़ान सेवा आज से फिर शुरू कर दी है। दिल्ली, तिरुचिरापल्ली, कोच्चि, कोझिकोड और मुंबई से मस्कट के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें संचालित की जा रही हैं। हालांकि, बहरीन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के लिए एयर इंडिया की उड़ान सेवाएं फिलहाल निलंबित रखी गई हैं।


## अमेरिका-इजराइल हमले में खामेनेई की मौत के विरोध में कश्मीर में प्रदर्शनों पर लागू रोक जारी

श्रीनगर ■ एजेंसी

अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के विरोध में घाटी में हुए व्यापक प्रदर्शनों के चलते मंगलवार को लगातार दूसरे दिन सख्त प्रतिबंध लागू है।

एक दिन पहले सोमवार को एहतियाती उपायों के तौर पर शिक्षण संस्थान दो दिनों के लिए बंद कर दिया गया और मोबाइल इंटरनेट की गति धीमी कर दी गई। मंगलवार को कुछ स्थानों पर प्रदर्शनों के हिंसक होने के बाद अधिकारियों ने घाटी में सुरक्षा बलों के सभी काफिलों की आवाजाही रद्द कर दी। तनाव से बचने के लिए उन्होंने मंगलवार को सुरक्षा बलों की कोई भी सड़क खोलने वाली टुकड़ी तैनात न करने का भी निर्णय लिया है।

खामेनेई की मौत के बाद सोमवार को जम्मू-कश्मीर में हुए प्रदर्शनों के दौरान छह सुरक्षाकर्मियों सहित कम से कम 14 लोग घायल हो गए।



अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर घाटी के विभिन्न स्थानों पर 75 रैलियां आयोजित की गई जबकि सोमवार को जम्मू क्षेत्र में भी कुछ प्रदर्शन हुए।

अगस्त 2019 के बाद कश्मीर में इतने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन पहली बार हुए हैं। कश्मीर संभागीय प्रशासन ने लोगों से संयम बरतने और अधिकारियों द्वारा जारी सलाह का पालन करने की अपील की। एक प्रवक्ता ने कहा, 'कश्मीर संभागीय प्रशासन घाटी में शांति बनाए रखने और कानून व्यवस्था कायम रखने में सभी समुदायों की भूमिका को स्वीकार करता है। नागरिकों को संयम बरतने, स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी सलाहों का पालन करने और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर केवल सत्यापित जानकारी साझा करने की सलाह दी जाती है।' उन्होंने बताया कि सहायता की आवश्यकता वाले किसी भी व्यक्ति के लिए यहां चौबीसों घंटे चलने वाली हेल्पलाइन (0194-2740003) स्थापित की गई है। पुलिस ने भी लोगों से हिंसा और उकसावे से बचने की अपील की। पुलिस ने कहा कि वे हिंसा भड़काने वालों और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे। सोमवार को अधिकारियों ने एहतियाती उपायों के तहत केंद्र शासित प्रदेश में लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाए, शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया और मोबाइल इंटरनेट की गति धीमी कर दी।

### *इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने वैश्विक सुरक्षा और आतंकवाद के मुद्दे पर कहा*

## ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को और सुरक्षित बना रहा था, इसलिए कार्रवाई जरूरी थी

*जेरूसलम ■ एजेंसी*

*इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने वैश्विक सुरक्षा और आतंकवाद के मुद्दे पर कहा कि दीर्घकालिक स्थिरता और शांति केवल शक्ति के माध्यम से ही सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने ईरान और उत्तर कोरिया जैसे देशों के खतरों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए यह चेतावनी दी कि कट्टरपंथी ताकतों को रोकने में देरी व्यापक विनाश का कारण बन सकती है। नेतन्याहू ने कहा कि जब उन्हें लगा कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को और अधिक सुरक्षित ठिकानों पर स्थानांतरित कर रहा है, तब उस पर तत्काल कार्रवाई आवश्यक हो गयी।*

*अमेरिकी टीवी चैनल फॉक्स को दिए साक्षात्कार में नेतन्याहू ने ईरान के खिलाफ हालिया सैन्य कार्रवाई, अमेरिका-इज़राइल साझेदारी और पश्चिम एशिया में संभावित शांति की दिशा पर खुलकर अपनी बात रखी। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान दशकों से अमेरिका और इजराइल के खिलाफ खुली धमकियां देता रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरानी नेतृत्व ने न केवल इजराइल बल्कि अमेरिका को भी निशाना बनाने की मंशा बार-बार जाहिर की। उनके अनुसार हाल के समय में ईरान ने अपने परमाणु और*



*बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को तेज़ी से आगे बढ़ाया, जिससे क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया।*

*नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल और अमेरिका ने पहले कूटनीतिक प्रयासों के जरिए समाधान खोजने की कोशिश की, लेकिन जब उन्हें लगा कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को भूमिगत और अधिक सुरक्षित ठिकानों पर स्थानांतरित कर रहा है, तब तत्काल कार्रवाई आवश्यक हो गई। उनका दावा था कि यदि उस समय कदम नहीं उठाया जाता, तो भविष्य में किसी भी सैन्य कार्रवाई की संभावना लगभग समाप्त हो जाती और ईरान को रणनीतिक बढ़त मिल जाती।*

*अमेरिकी राष्ट्रपति की भूमिका पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल से ही ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने को प्राथमिकता दी थी। ट्रंप ने स्पष्ट शब्दों में उनसे कहा था कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार नहीं मिलने चाहिए। नेतन्याहू ने ट्रंप के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि निर्णायक कार्रवाई के बिना यह संभव नहीं था।*

*साक्षात्कार के दौरान नेतन्याहू ने ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके नेतृत्व पर आरोप लगाते हुए कहा कि ईरानी शासन क्षेत्र में अस्थिरता फैलाने और विभिन्न आतंकी संगठनों को समर्थन देने में सक्रिय रहा है। उन्होंने कहा कि इजराइल की सैन्य कार्रवाई का उद्देश्य आम नागरिकों को निशाना बनाना नहीं, बल्कि उन ठिकानों को निष्क्रिय करना था जिन्हें वह सुरक्षा के लिए खतरा मानता है।*




**काठमांडू।** काठमांडू की एक बहुमंजिली इमारत का एक रेस्टोरेंट आग में जलकर पूरी तरह से खाक हो गया है। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। यह घटना ललितपुर के पुलचोक स्थित दाउरा थकाली रेष्टुरेन्ट में हुई, जहां शार्ट शर्किट से लगी आग पूरे रेस्टोरेंट में फैल गई। ललितपुर के पुलिस प्रवक्ता एसपी गौतम मिश्रा के अनुसार आग लगने के तुरंत बाद मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियों और सुरक्षा कर्मियों की मदद से आग पर नियंत्रण कर लिया गया। यह रेस्टोरेंट भवन की आठवीं मंजिल पर स्थित था, जो इस घटना में पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। दाउरा थकाली के अलावा भवन के अन्य हिस्सों को भी आंशिक क्षति पहुंची है। एसपी मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट बताया गया है।











## ग़ज़ल



### सौ सवाल होली पर

लेके तुम चले आना फिर गुलाल होली पर
वरना, लोग पूछेंगे.....सौ सवाल होली पर

माँ के हाथ की गुजिया तुमको याद करती है
इस बहाने पूछेंगे.....हाल-चाल होली पर

चुपके-चुपके बढ़ती है दिल ही दिल में नजदीकी
धीरे - धीरे घटता है..अन्तराल होली पर

कुछ असर ही ऐसा है फागुनी हवाओं का
बिन छुए लचकती है डाल-डाल होली पर

भोली-भाली लड़की की, सीधी-सादी छोरी की
तिरछी-तिरछी होती है चाल-ढाल होली पर

पहले गौरे गालों पर सुर्ख रंग मलने दो
पोंछने को फिर देंगे हम रुमाल होली पर

रंग लेके पुड़िया में चल पड़े हैं वो घर से
देखें कौन होता है अब निहाल होली पर

हमने अपने चेहरे पर तेल मल लिया जमकर
तुम भी ठीक कर लेना गाल-वाल होली पर

दिनेश प्रभात
( गीतकार )
संपादक - गीत गागर, भोपाल


































प्रस्तुति : कार्टूनिस्ट व्यास




### हंसते गाते होली में

जगत शर्मा



दिल में प्यार जगा लो साथी बुरा न मानो होली है
पक्के रंग मंगा लो साथी बुरा न मानो होली है
सतरंगी मौसम है छोड़ो दुनियादारी का चक्कर
आओ गले लगा लो साथी बुरा न मानो होली है

सीधे साधे पथ मुड़ जाते हंसते गाते होली में
प्रीत परिंदे नभ उड़ जाते हंसते गाते होली में
रंग अबीर गुलाल की रंगत करती है यह काम 'जगत'
रूठे टूटे दिल जुड़ जाते हंसते गाते होली में

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी. गोयल।मो. 9827054436 भोपाल कार्यालय : 4240007. डाक पंजीयन - MP/HSD04/2026-2028 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।